जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, शनिवार 27 मई, 2023

## जयपुर में कोठी वो भी 3000 की रेट से !

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER



### बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

| | | |
|---|---|---|
| 2 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1350 SF | 45 लाख |
| 3 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1900 SF | 50 लाख |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 SF | 60 लाख |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 SF | 70 लाख |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 SF | 1 करोड़ |

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर
एम.आई. रोड़ से एक LEFT पर !

KEDIA

1800 120 2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

LOCATION QR CODE
ROUTE MAP
SITE TOUR 360 DEGREE

## विचार बिन्दु

**संसार के विरुद्ध खड़े रहने के लिए शक्ति प्राप्त करने की जरूरत नहीं है। ईसा दुनिया के खिलाफ खड़े रहे, बुद्ध भी अपने जमाने के खिलाफ गए, प्रहलाद ने भी वैसा ही किया। ये सब नम्रता के धनि थे। अकेले खड़े रहने की शक्ति नम्रता के बिना असंभव है। –महात्मा गाँधी**

# गर्मी में पशु-पक्षियों का भी रखें खयाल

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है और इस चिलचिलाती धूप में बार-बार प्यास लगना स्वाभाविक है। तापमान का पारा दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। विशेषकर राजस्थान में तापमान 46 डिग्री तक पहुँच गया है। बढ़ती गर्मी लोगों के साथ ही पक्षियों के लिए भी बेहाल करने लगी है। पक्षी इस मौसम में ज्यादा प्रभावित होते हैं। मानव जैसे-तैसे इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रख पाता है, लेकिन आवारा पशु व पक्षियों के लिए ये गर्मी मुश्किलें पैदा करती हैं खाना और पानी की खोज में लगातार धूप में उड़ते रहने से वे कमजोर हो जाते हैं। इस तपती गर्मी में पेड़ों की लगातार कमी और सूखते जल स्त्रोत की वजह से पक्षी और अन्य जानवर आश्रय और दाना पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते हैं। आदमी को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु-पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए।

गर्मियों का मौसम मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। इस बार मार्च की अपेक्षा अप्रैल के महीने से तेज गर्मी देखने को मिली। गर्मी ने पशु-पक्षियों को चपेट में लेना शुरू कर दिया है। पशु-पक्षियों को जिंदा रहने के लिए हर रोज पानी की जरूरत होती है।

गर्मियों में हर साल सैकड़ों पक्षी और आवारा पशु पानी की कमी से मर जाते हैं। तेजी से कम होते प्राकृतिक जल स्त्रोत और पेड़ों की कमी से इन बेजुबानों की स्थिति विकट हो गई है।

गर्मियों में पक्षियों को भी प्यास अधिक लगती है जबकि पानी की उपलब्धता कम हो जाती है।

गर्मी की तपन के साथ बेजुबान जानवरों की परेशानियां बढ़ गयी। एक जमाना था जब देश भर में पानी के प्राकृतिक स्त्रोत मौजूद थे। मगर आज पानी के प्राकृतिक स्त्रोत न के बराबर हैं। जो बचे भी हैं उनका पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में आप तो अपने घर में साफ पानी की व्यवस्था कर लेते हैं मगर जानवरों और पक्षियों को इन्हीं गंदे पानी के स्त्रोतों से प्यास बुझानी पड़ती है जिससे इनको फायदा कम होता है बल्कि ये बीमार भी हो जाते हैं। घरों के आँगन तथा छत पर पंछियों के लिए छोटे-छोटे पात्रों में जल भरकर रखना चाहिए, जिससे गर्मी में थक कर आये पक्षी जल ग्रहण कर पुनः अनंत आकाश में गोता लगा सकें। गर्मी की तपन से इन्हें बचाने के लिए जिस तरह इंसान को शुद्ध पानी और वायु की जरूरत होती है, उसी प्रकार गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम लोग करते हैं, ताकि पक्षियों को भी जीवन मिल सके।

**गर्मियों का मौसम मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। गर्मियों में हर साल सैकड़ों पक्षी और आवारा पशु पानी की कमी से मर जाते हैं। तेजी से कम होते प्राकृतिक जल स्त्रोत और पेड़ों की कमी से इन बेजुबानों की स्थिति विकट हो गई है। गर्मियों में पक्षियों को भी प्यास अधिक लगती है जबकि पानी की उपलब्धता कम हो जाती है।**

पशु-पक्षियों की सेवा करने वाले लोगों का मानना है घर की छतों पर पक्षियों के लिए दाना पानी रखने से घर में स्मृद्धि आती है। शास्त्रों में बेजुबान जानवरों की सेवा करने के लिए कहा गया है। इसका भी अपना धार्मिक महत्व है। साथ ही पशुओं और पक्षियों की सेवा करने से मन को काफी शांति मिलती है। ज्योतिष के अनुसार भी पक्षियों को पाने पिलाने के बहुत से फायदे हैं। पशु-पक्षियों को दाना और पानी पिलाने से भविष्य में आपके ऊपर आने वाली परेशानियां ये बेजुबान जानवर अपने ऊपर ले लेते हैं। इसके अलावा यह आपके ग्रह संबंधी दोषों को भी दूर करते हैं जिससे आपकी परेशानियां कम होने लगती है।

गर्मी शुरू होते ही समाज सेवी लोग जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था करते है। आज जरुरत इस बात की है की ठीक वैसे ही पक्षियों के लिए भी प्याऊ की व्यवस्था की जाये ताकि उन्हें भी गर्मी में साफ और ठंडा पानी मिल सके। साफ पानी न मिलने से उन्हें गर्मी में ज्यादा तकलीफ होती है। पानी खत्म होते ही दूसरा पानी और गर्म होते ही ठंडा पानी भरें, ताकि जानवरों को भी शुद्ध और ठंडा पानी मिल सके। घर के बाहर या बालकनी में छांव वाली जगह पर बर्तन में पानी भरकर रखें। पानी और दाना आदि रख रहे हैं तो नियमित तौर पर इसे बरकरार रखें। इस चीज को सुनिश्चित कर लें कि पानी का बर्तन जानवर या पक्षी के आकार के लिहाज से उचित हो, ज्यादा छोटा या ज्यादा बड़ा बर्तन भी ठीक नहीं। एक समय ऐसा भी था जब लोग अपने घरों के बाहर जानवरों के लिए पानी के छोटे कुंड बनाते थे मगर शहरीकरण के कारण यह व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी। गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है।

इस गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 27 मई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, मघा नक्षत्र रात्रि 11:43 तक, व्याघात योग सांय 7:56 तक, वणिज करण प्रातः 7:43 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मेष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 7:43 से रात्रि 8:50 तक है। आज सप्तमी तिथि में वृद्धि हुई है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:20 से 9:01 तक, चर 12:24 से 2:05 तक, लाभ-अमृत 2:05 से 5:28 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:09

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**सिंह**
मानसिक तनाव से राहत मिल सकती है। अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धन प्राप्त होगा।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ''मैराथन'' का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए शुक्रवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुज पिंगोलिया ने बताया कि

**■ तंबाकू व नशा मुक्ति के प्रति आमजन को किया जागरूक**

विश्व तंबाकु निषेध दिवस के उपलक्ष्य में तम्बाकु निषेध सप्ताह 25 मई से 31 मई तक निर्धारित की गई। इसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय कमेटी का गठन कर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

शुक्रवार को आमजन को जागरूक करने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन प्रातः पुरानी चौपाटी आनासागर लिंक रोड से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अरबन हाट वैशाली नगर पर संपन्न हुई। मैराथन की समाप्ति पर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने संबोधित करते दौड़ में भाग लेने वाले युवाओं की हौंसला अफजाई भी की।

कलेक्टर डॉ. दीक्षित ने मैराथन विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत भी किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने खुले आसमान में रंगबिरंगे गुब्बारे छोड़ कर सभी से तंबाकू छोडे का आव्हान किया। सभी उपस्थित जनों ने तंबाकू सेवन नहीं करने एवं अन्य लोगों को इसके लिए जागरूक करने के लिए संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर किए। मैराथन में लायंस क्लब, अजमेर साईकिल कम्युनिटी, नर्सिंग स्टूडेंट, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों, विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों सहित आमजन ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संपत जोधा, लायंस क्लब की स्वस्थ्य भारत की डिस्ट्रिक चेयरपर्सन आभा गांधी, राजेंद्र गांधी, सुनील शर्मा, श्रीकिशन पारीक, जगदीश विजय, पुष्पा क्षेत्रपाल सहित अन्य मौजूद थे।



मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर व आसमान में गुब्बारे छोडक़र जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित रवाना किया।

# 'स्काउटिंग हमें वास्तविक जीवन कला से रूबरू करवाती है'

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में मुख्य जिला आयुक्त गोविंद नारायण माली एवं जिला संगठन आयुक्त इंदु तंवर के निर्देशानुसार श्यामपुरा में राजकीय विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर में सीबीईओ रामगढ़ पचवारा एवं प्रभारी कमिश्नर स्काउट मुरारी लाल जांगिड़, अतिरिक्त सीबीईओ बिहारी लाल वर्मा, स्काउट सचिव श्रीकान्त शर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया।

**■ श्यामपुरा के राजकीय विद्यालय में सात दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर आयोजित**

इसके दौरान सर्वप्रथम अतिथियों का शिविर प्रभारी रामकेश माली एवं सहायक प्रभारी रामखिलाड़ी मीना द्वारा स्कार्फ़, गॉर्ड ऑफ ऑनर एवं तिलक द्वारा स्वागत किया गया। रामगढ़ पचवारा सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड़ ने बतौर मुख्य अतिथि झंडा रोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये एसीबीईओ बिहारी लाल ने कहा कि स्काउटिंग हमें वास्तविक जीवन कला से रूबरू करवाती है, हमें सेवा भाव सिखाती है एवं नर सेवा ही नारायण सेवा वाला भाव देती है। इस दौरान सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड़ ने कहा कि स्काउटिंग जीवन में श्रेष्ठ अनुशासन सिखाती है, स्काउटिंग एक जीवंत आंदोलन है।

इस दौरान सहायक शिविर प्रभारी रामखिलाड़ी मीना ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मूलचन्द मीना टीटी कॉलेज के 33 स्काउट 27 गाइड सहित कुल 60 संभागी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि शिविर कला, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, 7 प्राथमिक 6 चिकित्सा, दिशा ज्ञान, खोज चिन्ह, स्काउटिंग उद्देश्य, सिद्धान्त आदि के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर में कमल प्रकाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सीमा मीणा, युवराज प्रजापत, मयंक शर्मा उपस्थित रहे।



स्काउट गाइड से जुड़े पदाधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण किया।

# केन्द्रीय कारागृह व महिला सुधारगृह का निरीक्षण

**अजमेर, (कासं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामपाल जाट द्वारा शुक्रवार को केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से मुलाकात की गई व जिन बंदियों के विधिक सहायता के आवेदन पत्र नहीं भरे हुए हैं उनके आवेदन पत्र भरे जाने के निर्देश प्रदान किए। केन्द्रीय कारागृह में मुलाकात कक्ष में बंदयों से उनके परिवारजनों से मुलाकात करवाई जा रही थी।

साथ ही टेलिफोन के माध्यम से भी बंदियों को उनके परिवारजनों से बात करने के लिए कारागृह द्वारा व्यवस्था करवाई जा रही थी। बंदियों से उनके परिवारजनों से मिलने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहता है। प्रत्येक वार्ड की हेल्प डेस्क पंजिका बनाई गई है। जिसमें बंदी अपनी परेशानी के बारे में लिखते हैए उसकी भी जांच सचिव द्वारा की गई। केन्द्रीय कारागृह में बंदियों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा गया। साथ ही केन्द्रीय कारागृह में वोकल बैंड प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था और उद्योग शाल में सिलाईए सलून, हैंडीक्राफ्ट के अलग अलग प्रशिक्षण दिए जा रहे थे। केन्द्रीय कारागृह में कुल 1131 बंदी है जिनमें विचाराधीन बंदी 763, विदेशी बंदी 2, साधारण बंदी 77 लाचार बंदी 25, टाडा बंदी 3 है। साथ ही महिला सुधारगृह का भी निरीक्षण किया गयाए जिसमें महिला बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और जिनके पास अधिवक्ता नहीं है उनके निःशुल्क विधिक सहायता के आवेदन फॉर्म भरवाए जाने के निर्देश दिए और साथ ही महिला बंदियों को शिक्षा का महत्व भी समझाया गया।केन्द्रीय कारागृह व महिला सुधारगृह का निरीक्षण किया।

# छात्र-छात्राओं का सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2023 के 12 वीं कला वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्था प्रधान राजेश कुमार अंकुर ने की, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घीसा राम जाट रहे। कला वर्ग में विद्यालय के टॉपर लवली शर्मा द्वारा 92.60 प्रतिशत, उर्मिला सैनी 89.80 प्रतिशत, राहुल कुमार सैनी 84.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को हवाई यात्रा करवाएंगे तथा विनोद कुमार यादव उपाचार्य ने बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की वही मुख्य अतिथि घीसाराम द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को 21 सौ रुपए देने की घोषणा की।

# रेलवे ने तिरुपति से जयपुर स्पेशल ट्रेन को वाया चिड़ावा होते हुए हिसार तक दिया विस्तार

**चिड़ावा, (निसं)।** रेलवे ने क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात दी है। अब चिड़ावा से दक्षिण भारत के लिए सीधी ट्रेन मिल सकेगी। चिड़ावा से अब प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तिरुपति के लिए सीधी रेल सेवा को रेलवे की मंजूरी मिली है। तिरुपति से जयपुर के बीच चलने वाली ट्रेन को हिसार तक विस्तार दिया गया है। रेलवे जीएम की ओर से जारी आदेश में ट्रेन संख्या 09715 हिसार - तिरुपति को 3 जून 2023 को जयपुर से शुरू होगी तो वहीं 6 जून 2023 को ट्रेन संख्या 09716 तिरुपति से रवाना होकर हिसार आएगी।

**सप्ताह में एक दिन ही चलेगी ट्रेन:-** लंबा सफर होने के चलते ये ट्रेन सप्ताह में एक दिन ही चलेगी। ये ट्रेन शनिवार को हिसार से दोपहर 2.10 बजे रवाना होगी और चिड़ावा शाम को सवा पांच बजे पहुंचेगी। तीसरे दिन सोमवार को 42.50 घंटे का सफर तय कर सुबह नौ बजे तिरुपति पहुंचेगी। वहीं तिरुपति से मंगलवार को शाम चार बजे रवाना होकर 40.30 घंटे का सफर तय कर गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे चिड़ावा पहुंचेगी और दोपहर एक बजे हिसार पहुंचेगी। चिड़ावा सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र के लिए रेलवे की ये बहुत बड़ी सौगात है। काफी समय से ऐसी ट्रेन की मांग की जा रही थी। दरअसल शेखावाटी क्षेत्र के लोग धर्मकर्म में बहुत ज्यादा आस्था रखते हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में दक्षिण भारत के धार्मिक स्थल तिरुपति, रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर, पद्मनाभ मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शनार्थ हजारों की संख्या में श्रद्धालु हर साल यहां से दक्षिण भारत जाते हैं। इसके अलावा दक्षिण भारत के पर्यटक स्थलों पर भी काफी लोग हमारे क्षेत्र से भ्रमण के लिए जाते हैं। अब सीधी रेल कनेक्टिविटी होने से पर्यटकों और तीर्थ यात्रियों को काफी सहूलियत रहेगी।

# नहर योजना को लेकर अलवर से निकली जनसम्पर्क यात्रा हिण्डौन पहुंची

**भरतपुर, (निसं)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना संयुक्त मोर्चा की जनसम्पर्क यात्रा अलवर जिले से चलते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर पर पहुंची। जहां पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष जवान सिंह मोहचा के नेतृत्व में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने एवं इस परियोजना में अति महत्वपूर्ण बांधों को जोड़ने की मांग को लेकर एडीएम सिटी बीना महावर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**■ इस परियोजना में अति महत्वपूर्ण बांधों को जोड़ने की मांग की**

ज्ञापन में बताया गया कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पानी का अभाव है। पानी की कमी के कारण फसल उत्पादन, पशुपालन, उद्योग धंधे और जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। इन जिलों में भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। इस वजह से पेयजल की स्थिति बहुत चिंताजनक है। बोरवेल में लाखों खर्च करने के बावजूद किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते काफी किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे है। पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में तो किसान फसल ही नहीं कर पा रहे हैं। पिछले कई महीनों से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को लेकर 13 जिलों की आम जनता राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से अनुरोध कर रही है। कि इस पर जल्द से जल्द कार्य शुरू कर पानी की समस्या का समाधान किया जाए।



ए.डी.एम. सिटी बीना महावर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 15 संख्याः 205 प्रभात हिण्डौन सिटी, शनिवार 27 मई, 2023 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*संकटग्रस्त गोल्डन मंकी (वानर की एक प्रजाति) का भविष्य सुनहरा नजर आ रहा है। इन वानरों के लिए संरक्षण प्रोग्राम बनाया गया है जो जल्दी ही कार्यान्वित कर दिया जाएगा। इस पांच वर्षीय एक्शन प्लान का उद्‌गम डायैन फॉसी गोरिल्ला फंड के बायो डायवर्सिटी प्रोग्राम के वैज्ञानिक डिओग्रेटिअस (डिओ) टुयोसिन्जाइज़ द्वारा 2004 में शुरु की गई रिसर्च से हुआ। उनकी शोध का लक्ष्य था गोल्डन मंकी का अध्ययन व संरक्षण। असल में ये वानर सिर्फ दो जंगलों में ही मिलते हैं, विरुंगा मैसीफ और गिश्वानी-मुकुरा नैशनल पार्क। ये वानर, जो कि ब्लू मंकी की उपप्रजाति हैं, एक मात्र ऐसे वानर हैं जो कि माउन्टेन गोरिल्ला की विरुंगा आबादी के साथ रहते हैं। डॉ. डिओ ने पता लगाया कि, इनकी आबादी घट रही है, जिसका प्रमुख कारण है आवास विनाश, भोजन की कमी और शिकार। गोल्डन मंकी की भोजन, रेंज, प्रजनन के पैटर्न आदि पर वर्षों की रिसर्च के बाद डॉ. डिओ ने एक विश्वसस्तरीय टीम बनाई है और इस टीम ने आई.यू.सी.एन. की गाइडलाइन्स के अनुसार स्थानीय समुदायों को साथ लेकर गोल्डन मंकी के संरक्षण की पहली कार्य योजना बनाई है। इस समय यहां गोल्डन मंकी के दो समूह हैं। असल में ये एक ही थे पर कृषि के लिए जंगल की जमीन में हुए परिवर्तन ने इन्हें दो पृथक समूहों में बांट दिया। गोल्डन मंकी की कुल आबादी लगभग 5,000 हैं, पर गिश्वाती में सिर्फ 170 गोल्डन मंकी हैं। डॉ. डिओ एवं अन्य शोधकर्ता रवांडा में गोल्डन मंकी समूहों की प्रतिदिन निगरानी कर रहे हैं। इन्होंने 400 से ज्यादा वानरों की पहचान की है और उन्हें नाम भी दिया है। डॉ. डिओ कहते हैं कि, यह एक्शन प्लान गोल्डन मंकी की आबादी को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है और गोल्डन मंकी के लिए जो भी खतरे हैं उन्हें खत्म करने के लिए इस योजना की बहुत ज्यादा जरुरत है।*

# राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा का कार्यक्रम आगे खिसकाया गया

## यह यात्रा 28 मई को प्रस्तावित थी, पर कार्यक्रम बदलने के बाद, राहुल गांधी के अमेरिका में निश्चित कार्यक्रमों का समय व स्थानों को भी ''रीशिड्यूल'' किया जा रहा है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। राहुल गांधी की अमेरिका के प्रस्तावित यात्रा, जो 28 मई को शुरु होनी थी, समझा जाता है कि आगे खिसका दी गई है तथा उनका अमेरिका का निर्धारित पुनः तय किया जा रहा है।

यह भी समझा जाता है कि राहुल गांधी अमेरिका तभी जायेंगे, जब पाँच चुनावाधीन राज्यों की मीटिंग हो जायेगी तथा चुनावी रणनीति की प्राथमिक रूपरेखा तैयार हो जायेगी। सूत्रों का कहना है कि इन मीटिंगों की नई तारीखें अभी तक तय नहीं हुई हैं किन्तु अब ये अगले सप्ताह ही होंगी।

सूत्रों ने यह भी कहा है कि नेतृत्व चाहता है कि जब मीटिंग हो, उस समय अशोक गहलोत तथा सचिन पायलट के बीच शान्ति-मसौदे का ब्लूप्रिंट तैयार हो जाये, जिससे उस पर काम शुरु हो जाये तथा पार्टी की राज्य इकाई अपने घर को व्यवस्थित करने का काम शुरु कर दे।

- **अमेरिका रवाना होने से पहले राहुल गांधी चाहते हैं कि, जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इस वर्ष के अंत तक प्रस्तावित हैं, उन चुनावों के बारे में हाई कमान बैठक करके रणनीति फाइनल कर ले।**
- **अभी इन बैठकों की तारीख निश्चित नहीं की गयी है, पर, संभावना यह है कि, अब बैठकें अगले सप्ताह में आयोजित की जायेंगी।**
- **इसी संदर्भ में हाई कमान चाहता है कि, गहलोत व पायलट के बीच समझौता फाइनल हो जाये, जिससे कांग्रेस की राजस्थान इकाई चुनाव की तैयारी का काम शुरू हो सके।**
- **दूसरी ओर गहलोत अपने मित्रों के मार्फत किसी भी तरह का समझौता फलीभूत नहीं होने देना चाहते, पर, राहुल गांधी नहीं चाहते हैं कि, यह इम्प्रैशन जाए कि, राजस्थान में सब कुछ ठीक है और गहलोत की चलेगी और वे राजस्थान में पार्टी में एक मात्र कर्णधार हैं।**

सूत्रों का कहना है कि अशोक गहलोत अपने वित्त-पोषित नेताओं, जो नेतृत्व के नज़दीक हैं, के जरिए किसी भी प्रकार के समझौते को बाधित करने की पूरी-पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस समय तक राहुल गांधी का दृढ़ निश्चय है किक राजस्थान में अब तक जैसी स्थिति नहीं चल सकती तथा गहलोत अपने तरीके चलते हुये, कांग्रेस पार्टी की नियति के एकमात्र नियन्ता नहीं बन सकते।

राहुल गांधी के सामने पासपोर्ट की समस्या थी। उन्हें अपना डिप्लोमेटिक पासपोर्ट ''सरैंडर'' करना पड़ा था तथा सामान्य पासपोर्ट के लिए आवेदन करना पड़ा। इसके लिए एन.ओ.सी. प्राप्त करने के लिए वे अदालत गये थे। दरअसल, उनके खिलाफ कई केस विचाराधीन हैं। लेकिन आज अदालत ने एन.ओ.सी. दे दी, लेकिन यह 10 वर्ष, जैसा कि राहुल ने आवेदन किया था, के बजाय तीन वर्ष के लिए ही मिली है। अब उन्हें सामान्य पासपोर्ट ही जारी किया जायेगा, क्योंकि वे अब सांसद नहीं रहे हैं।

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# मध्य प्रदेश के मु.मंत्री पर एक बार फिर तलवार लटकी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सिर पर तलवार लटक रही है क्योंकि भाजपा के आंतरिक सर्वे में पता चला है कि अगर चौहान के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव लड़े गए तो भाजपा लगभग 75 सीटें गंवा सकती है।

चौहान को हटाने की चर्चा इससे पहले जनवरी में चली थी, पर आर.एस.एस. के समर्थन की वजह से, उन्हें जीवनदान मिल गया था। इसके बाद चौहान ने राज्य में विकास यात्रा शुरु की, पर वे पर्याप्त समर्थन नहीं जुटा पाए। चौहान को हटाने की चर्चा अब फिर से होने लगी है क्योंकि सर्वे में पता चला है कि कर्नाटक की तरह मध्य प्रदेश में भी पार्टी के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर है।

- **दोबारा उनको हटाने की चर्चा ने इसलिये जोर पकड़ा, क्योंकि नवीनतम सर्वे के अनुसार भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में 75 सीटों का नुकसान होगा, अगर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में लड़ा गया।**
- **चौहान को हटाने की अफवाह जनवरी में भी उठी थी, पर आर.एस.एस. के समर्थन के कारण, उनकी कुर्सी बच गयी थी।**
- **कर्नाटक की भांति मध्य प्रदेश में भी एन्टी इन्कमबैंसी का असर जोरों पर है।**
- **मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा भी हटाये जा सकते हैं, पार्टी में आमूल परिवर्तन का नारा देकर।**
- **आदिवासी नेता व सांसद सुमेर सिंह सोलंकी को नया मु.मंत्री बनाये जाने के संकेत हैं, उन्हें संघ का भी पूरा समर्थन प्राप्त है।**

अटकलें है कि मध्य प्रदेश भाजपा में जल्दी ही बड़ा फेरबदल हो सकता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.डी. शर्मा को भी हटाया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व में बड़ा बदलाव हो सकता है और यह पार्टी की रणनीति है, भावी विधानसभा चुनाव में स्थिति सुधारने के लिए।

मध्य प्रदेश में भाजपा में भारी गुटबाजी है। यहां ज्योतिरादित्य के समर्थन व विरोधी गुटों में जोरदार जंग छिड़ी हुई है। आशंका है कि पार्टी नेतृत्व सिंधिया को मुख्यमंत्री बना सकता है। प्रदेश भाजपा के कुछ गुट इन अटकलों को बढ़ावा दे रहे है कि सिंधिया भाजपा में नाखुश हैं और उनकी कांग्रेस में वापसी की संभावना है। गुटबाजी इतनी ज्यादा है कि भाजपा सांसद के.पी. यादव ने तो हाल ही में सार्वजनिक रूप से सिंधिया के खिलाफ कटु शब्दों का

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# भंवर जितेन्द्र सिंह के खिलाफ अब जमानती वारंट

बूंदी, 26 मई (निसं)। बूंदी राज परिवार की संपत्ति मामले में फर्जी दस्तावेज बनवाने के आरोप में न्यायालय में विचाराधीन मुकदमें में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह एवं अन्य को अब जमानती वॉरंट से तलब किया जाएगा।

- **ए.आई.सी.सी. के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह के खिलाफ, बूंदी राज परिवार के सम्पत्ति विवाद में फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में पहले चीफ जूडिशियल मजिस्ट्रेट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसे जिला एवं सत्र न्यायालय ने जमानती वारंट में बदल दिया है।**

जिला एवं सत्र न्यायालय ने गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा इस मामले में जारी गैर जमानती वॉरंट को जमानती वॉरंट में तब्दील कर दिया गया। दिल्ली निवासी अविनाश

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# राहुल गांधी को अब नया पासपोर्ट प्राप्त करने की अनुमति मिली

## दिल्ली के न्यायालय ने इजाज़त देते हुए, यह शर्त भी लगायी कि, पासपोर्ट तीन साल के लिये ही मान्य होगा, न कि दस साल के लिये, जैसे आम तौर पर होता है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। दिल्ली की एक अदालत ने आज राहुल गांधी को तीन साल के लिए रेग्यूलर पासपोर्ट बनवाने की स्वीकृति प्रदान कर दी तथा इस प्रकार, उनके लिये 30 मई को अमेरिका के तीन शहरों में छः दिन के लिये जाने का रास्ता साफ हो गया। ज्ञातव्य है कि संसद से डिसक्वालिफाइड होने के बाद एक सांसद के रूप में उनके विशेषाधिकार समाप्त हो गये हैं। सांसद के रूप में अपनी डिसक्वालिफिकेशन के बाद, उन्होंने अपना डिप्लोमेटिक पासपोर्ट ''सरैन्डर'' कर दिया था तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट-एन.ओ.सी.) के लिये अदालत में अर्जी लगाई थी।

जज ने गांधी के वकील से कहा, ''मैं आपके प्रार्थना पत्र को आंशिक रूप से स्वीकृति दे रहा हूँ। 10 वर्ष के लिये नहीं, सिर्फ तीन वर्ष के लिये।''

- **राहुल गांधी को पासपोर्ट पाने के लिये न्यायालय से अनुमति लेने की जरूरत इसलिये पड़ी, क्योंकि, वे सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी के साथ नैशनल हैरल्ड मुकदमे में आरोपित हैं। जैसा कि विदित ही है, भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने नैशनल हैरल्ड पर मुकदमा दायर किया था। इस केस में फिलहाल राहुल जमानत पर रिहा हैं।**
- **न्यायाधीश वैभव मेहता ने राहुल गांधी को इजाज़त देते हुए, यह टिप्पणी भी की कि, 2015 में राहुल गांधी को जमानत देते हुए कोई भी शर्त नहीं लगायी गई थी और सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी पर पाबंदियाँ लगाने की मांग की थी, को अस्वीकार कर दिया था।**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को अदालत की स्वीकृति की जरूरत इसलिये थी क्योंकि नैशनल हैरल्ड केस में अन्य लोगों के साथ वे भी आरोपी हैं। ज्ञातव्य है कि यह केस भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने मनी लॉन्डरिंग तथा फंड्स के दुरूपयोग उनकी लिप्तता के सिलसिले में लगाया था। अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद स्वामी से बुधवार को कहा था कि वे ए.ओ.सी. मांगने के गांधी के अनुरोध के संबंध में अपना जवाब शुक्रवार तक प्रस्तुत करें।

एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 75 रूपए का सिक्का

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नये संसद भवन के उद्‌घाटन के अवसर पर 75 रू. का सिक्का जारी करेंगे। प्रधानमंत्री उस दिन नये संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

- **वित्त मंत्रालय ने बताया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई संसद के उद्‌घाटन की स्मृति में यह सिक्का जारी करेंगे।**

वित्त मंत्रालय के अनुसार, सिक्के के अग्र पृष्ठ के बीचों बीच ''अशोक स्तम्भ का शेर बना होगा'' तथा उसके नीचे ''सत्यमेव जयते'' उत्कीर्ण होगा। अशोक स्तम्भ के बायीं तरफ देवनागरी लिपि में

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को कॉमर्शियल कोर्ट से 100 करोड़ रू. की राहत मिली

## न्यायालय ने आर्ब्रिट्रेटर द्वारा दिए गए फैसले को रद्द किया, जिसमें निगम को मैसर्स आशापुरा के पक्ष में 103 करोड़ रूपये जमा कराने का आदेश दिया गया था

- यादवेन्द्र शर्मा -

जयपुर, 26 मई। जयपुर महानगर के कॉमर्शियल कोर्ट ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (आर.एस.आर.टी.सी.) और मैसर्स आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्टर प्राइवेट लिमिटेड के बीच 103 करोड़ रूपये के चल रहे विवाद पर सुनवाई कर आदेश पारित किए हैं। अदालत ने आर.एस.आर.टी.सी. के पक्ष में फैसला दिया है और साथ ही निगम के विरूद्ध आर्बिट्रेटर द्वारा पारित निर्णय रद्द कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में आर्बिट्रेटर ने यह फैसला सुनाया था कि आर.एस.आर.टी.सी. मैसर्स आशापुरा को 83,89,24,508/- रूपये 12 प्रतिशत ब्याज के साथ निविदा की शर्तों का उल्लंघन करने की वजह से भुगतान करें।

मामले के अनुसार वर्ष 2014 में आर.एस.आर.टी.सी. द्वारा पार्सल सर्विस शुरू करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। इस निविदा के तहत मैसर्स आशापुरा को पार्सल सर्विस शुरू करने के लिए चुना गया था और 29 सितम्बर 2014 को 'वर्क ऑर्डर' भी दे दिया गया था।

परन्तु मैसर्स आशापुरा द्वारा कहा गया कि उसे सेवा प्रदान करने में कोई फायदा नहीं हुआ बल्कि नुकसान उठाना पड़ा। यह मामला 2016 में आर्बीट्रेटर के समक्ष पहुंचा, जहां मैसर्स आशापुरा की ओर से कहा गया कि तीन साल के उनके आर.एस.आर.टी.सी. के साथ अनुबंध के दौरान उसे 76 करोड़ 33 लाख रूपये से भी अधिक का फायदा होना चाहिए था, परन्तु उसे सितम्बर 2014 से फरवरी 2016 के बीच केवल 4 करोड़ 16 लाख रू. की आय हुई और उसके करीब 7 करोड़ 55 लाख रू. का नुकसान उठाया।

- **मैसर्स आशापुरा ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम से पार्सल लाने और डिलीवरी करने का ठेका लिया था।**
- **मैसर्स आशापुरा ने पार्सल सर्विस का ठेका उठाने के बाद यह विवाद उठाया था कि, निगम की अव्यवस्थाओं के कारण वह ठेके की शर्तें पूरी नहीं कर पा रहा था और उसे 7 करोड़ 55 लाख रू. का नुकसान भी उठाना पड़ा था, जिसकी भरपाई के लिए उसने 103 करोड़ रू. का दावा किया था। इस दावे को सही मानते हुए आर्बिट्रेटर ने अपना ''अवॉर्ड'' सुनाया था।**

मैसर्स आशापुरा ने आर्बिट्रेटर के समक्ष यह भी कहा कि उसे तीन वर्ष में पार्सल डिलेवर करने के लिए 10,717 बस यात्राओं की सेवा मिलनी चाहिए थी। यहाँ गौर फरमाने की बात यह है कि आर.एस.आर.टी.सी. और आशापुरा के बीच अनुबंध रद्द करने के लिए करीब डेढ़ साल के भीतर ही ऑर्बिट्रेशन के लिए पहुंच गया। दूसरी ओर आर.एस.आर.टी.सी. और मैसर्स आशापुरा के बीच हुए अनुबंध में यह कहीं नहीं कहा गया था कि पार्सल सेवा के कारण उठाये गए नुकसान की भरपाई आर.एस.आर.टी.सी. ही करेगी। कॉमर्शियल कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अमित कुमार कड़वासा ने अपने आदेश के पेज नम्बर 47 में कहा है कि ''व्यापारिक संविदाऐं लाभ के निमित होती है परन्तु इनमें जोखिम सदा अन्तर्निहित रहता है। लाभ की प्रत्याशा में की गई संविदा से हर हाल में न्यूनतम

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# न्यायपालिका के लिए केन्द्रीय योजना

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। न्यायपालिका के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं विकसित करने के लिए केन्द्रीय कानून व न्याय मंत्रालय को सैन्ट्रली स्पॉन्सर्ड स्कीम (सी.एस.एस.) स्थापना के बाद से ही जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक बुनियादी ढांचे को रूपान्तरित कर रही है। न्यायालय के भवनों, डिजिटल कम्पयूटर कक्षों, वकीलों के सभा कक्षों, शौचालय परिसर तथा न्यायिक

- **अदालतों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए ''केन्द्र प्रायोजित स्कीम'' घोषित की गई है।**

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# नई संसद के उद्‌घाटन पर ''फ्लोर टैस्ट'', भाजपा का पलड़ा भारी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को होने जा रहे नये संसद भवन के उद्‌घाटन समारोह में शामिल होने वाले राजनैतिक

- **नई संसद के उद्‌घाटन में शामिल होने वाली पार्टियों की संख्या बढ़ कर 25 हो गई है। कुछ दलों ने अंतिम क्षणों में सहमति देकर सरप्राइज़ किया, उद्‌घाटन का बायकॉट करने वाली पार्टियों की संख्या भी 19 से बढ़ कर 21 हो गई है।**

( शेष पृष्ठ 5 पर )



धोनी एक जादूगर है वह किसी के कचरे के डिब्बे को भी जादू का डिब्बा बना सकत है। वह बहुत ही दक्ष और सकारात्मक कप्तान है।
- मैथ्यू हेडन

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, महेन्द्र सिंह धोनी के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### जेसन रॉय

इंग्लैंड के विस्फोटक ओपनर जेसन रॉय के फैसले से वर्ल्ड क्रिकेट में सनसनी मच गई है। 32 वर्षीय जेसन रॉय ने अपने राष्ट्रीय टीम का कॉन्ट्रेक्ट छोड़कर अब सिर्फ फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलने का निर्णय ले लिया है। वह दुनियाभर में जाकर आईपीएल, पीएसएल, बीपीएल जैसी टी-20 लीग खेलते हैं। मगर रॉय का यह फैसला यूएसए में शुरू होने जा रही नई मेजर लीग क्रिकेट से जोड़कर देखा जा रहा है। खबरों की माने तो दाएं हाथ के धुआंधार बल्लेबाज ने इस लीग में लॉस एंजिल्स नाइटराइडर्स के साथ जुड़ने के लिए दो साल के लिए 30.68 करोड़ की डील कर चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

## अहमदाबाद में बारिश के बाद बरसे शुभमन गिल

अहमदाबाद 26 मई। शुभमन गिल (129 रन,60 गेंद) की रनो की बरसात की बदौलत गुजरात ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्षा प्रभावित दूसरे क्वालीफायर में मुंबई के खिलाफ तीन विकेट पर 233 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया।

समाचार लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बना लिये है। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बारिश के कारण मैच निर्धारित समय से करीब आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। मुबंई के कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पिच में व्याप्त नमी का अंदाजा लगाते हुये गुजरात को बल्लेबाजी सौंपी मगर मैदान पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने वाले शुभमन के तेवर का उन्हे कतई अंदाज नहीं था। क्रीज पर आते ही पंजाब के जीवट खिलाड़ी के बल्ले ने आग उगलनी शुरू कर दी।

शुभमन के तूफान को थामने की रोहित सेना ने भरपूर कोशिश की मगर असफल रहे और देखते ही देखते गुजराती शेर ने न सिर्फ अपना आईपीएल शतक पूरा किया बल्कि उसके बाद भी मुबंई के गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं दिखाया। उन्होने अपनी 129 रन की पारी में महज 60 गेंद खेलकर दस आसमानी छक्के लगाये और सात बार जमीनी रास्ते से गेंद को सीमा रेखा के बाहर पहुंचाया। वह आकाश माधवाल की शानदार यार्कर पर टिम डेविड के हाथों आउट हुये। शुभमन ने साई सुदर्शन (43) के साथ 138 रनों की शानदार साझीदारी भी निभायी।



## विश्व टेस्ट क्रिकेट का शंहशाह होगा मालामाल

मेलबर्न 26 मई। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले महीने खेले जाने वाले खिताबी मुकाबले के विजेता को 16 लाख डालर की पुरस्कार राशि से नवाजा जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह घोषणा की। 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के विजेता को 16 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी जबकि उपविजेता टीम को आठ लाख डॉलर मिलेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का खिताबी मुकाबला सात से 11 जून के बीच ओवल में खेला जायेगा। तीसरे स्थान पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को साढे चार लाख डॉलर मिलेंगे। चौथे स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड ने साढे तीन लाख डालर और पांचवे स्थान पर काबिज श्रीलंका को दो लाख डालर की पुरस्कार राशि प्राप्त हुई। छठे स्थान पर न्यूजीलैंड, सातवें स्थान पर पाकिस्तान, आठवें स्थान पर वेस्टइंडीज और नौवें स्थान पर मौजूद बांग्लादेश को एक-एक लाख डॉलर मिले हैं।

## एशिया जूनियर चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल आयोजित करेगा बाई

नई दिल्ली, 26 मई। भारतीय बैडमिंटन संघ चार से सात जून तक नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में बहुप्रतीक्षित बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप 2023 के लिए चयन ट्रायल आयोजित करेगा। एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप इंडोनेशिया में सात से 16 जुलाई तक खेली जायेगी जिसके लिये खिलाड़ियों का चयन ट्रायल में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल में इस महीने की शुरुआत में गुवाहाटी में आयोजित ऑल इंडिया जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट की युगल स्पर्धाओं में शीर्ष-8 लड़के और लड़कियों के एकल शटलर के साथ-साथ शीर्ष-4 युगल शामिल होंगे। अन्वेषा गौड़ा (4), अनुपमा उपाध्याय (8), उन्नित हुड्डा (14) और पांच अन्य खिलाड़ी, जो बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में टॉप-20 में शामिल हैं, ट्रायल्स में हिस्सा लेंगी और भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगी।

## दिल्ली एफसी ने आई लीग में जगह बनाई

चंडीगढ़, 26 मई। दिल्ली एफसी ने शुक्रवार को यहां अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी को 3-1 से हराकर सेकेंड डिवीजन का खिताब जीता और पहली बार आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाई। सेकेंड डिवीजन में पहली बार खेल रही मुंबई की अटलांटा एफसी को खिताब जीतने के लिए केवल एक अंक की जरूरत थी, लेकिन दिल्ली की टीम के सामने उसकी एक नहीं चली।

## पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

कुआलालंपुर, 26 मई। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शुक्रवार को चीन की झांग यी मान को मैराथन मुकाबले में हरा कर मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने निचली रैंकिंग की चीन को 21-16, 13-21, 22-20 से हराने में एक घंटा 14 मिनट का समय लिया। सिंधु ने इस साल के शुरू में ऑल इंग्लैंड ओपन में 18वीं रैंकिंग के झांग से 32वें राउंड में हार का बदला लिया। वह शनिवार को सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी ठोगोरिया मरिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी।

## ट्रैप निशानेबाज भवनीश को अलमाटी विश्व कप में संयुक्त बढ़त

अलमाटी, 26 मई। पेरिस ओलंपिक का कोटा जीत चुके भवनीश मेंदीरत्ता 75 में से सिर्फ दो निशाने चूके और आईएसएसएफ विश्व कप में शुक्रवार को ट्रैप स्पर्धा के पहले दिन संयुक्त बढत बना ली। फरीदाबाद के 23 वर्ष के मेंदीरत्ता चार अन्य के साथ शीर्ष पर हैं जिनमें विश्व कप और 2020 में तोक्यो ओलंपिक मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा के विजेता स्पेन के अलबर्टो फर्नांडिज शामिल हैं। अभी क्वालीफिकेशन के दो राउंड और होने है जिसके बाद छह निशानेबाजों का फाइनल होगा। मेंदीरत्ता ने पहले और तीसरे दौर में परफेक्ट 25 का स्कोर किया। वह सिर्फ 28वां और 43वां निशाना चूके। भारत के जोरावर संधू 16वें और पृथ्वीरात टोंडाइमन 23वें स्थान पर हैं। महिला ट्रैप में श्रेयसी सिंह 70 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर है।

## अंतिम क्षणों में गोल गंवाने के कारण बेल्जियम से हारा भारत

लंदन, 26 मई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अंतिम क्षणों की चूक के कारण एफआईएच हॉकी प्रो लीग प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां बेल्जियम के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद थिबाउ स्टॉकब्रॉक्स ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त दिला दी। मनदीप सिंह ने हालांकि 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन अंतिम क्षणों में बेल्जियम के आक्रमक खेल के सामने भारतीय रक्षा पंक्ति छितर गई। बेल्जियम ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे नेल्सन ओनाना ने गोल में बदलकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## जॉन वारबर्टन बने सब जूनियर बाक्सिंग टीम के मुख्य कोच

नई दिल्ली, 26 मई। इंग्लैंड के जाने माने बॉक्सिंग कोच जॉन वारबर्टन को देश की सब जूनियर बाक्सिंग टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने सब-जूनियर वर्ग के लिए मुख्य कोच के रूप में अनुभवी जॉन वारबर्टन की नियुक्ति की घोषणा की है। वारबर्टन के पास लगभग चार दशक का अनुभव है। वह 1984 से इंग्लैंड में अपनी सेवायें दे रहे हैं। सब-जूनियर श्रेणी में मुख्य कोच के रूप में, जॉन वारबर्टन युवा भारतीय मुक्केबाज़ों के विकास और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं।

अपने पूरे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई मुक्केबाजों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रमंडल खेलों, यूरोपीय और विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। बीएफआई ने एक बयान जारी कर कहा हम बीएफआई में युवा प्रतिभाओं का पोषण करने के लिए वारबर्टन को पाकर बेहद गौरवान्वित और खुश हैं। बीएफआई में हमारा मिशन न केवल भारतीय मुक्केबाजी के उच्चतम स्तर पर उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना है बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि हम जमीनी स्तर पर भी समान स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें और अधिक प्रतिभाओं का पता लगा सकें और एक मजबूत प्रतिभा पूल तैयार कर सकें।

वर्तमान में, वारबर्टन जेएसडब्ल्यू के इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में मुक्केबाजी के प्रमुख हैं, जहां उन्होंने मंजू बम्बोरिया, मनीषा मौन और निशांत देव समेत कई होनहार भारतीय मुक्केबाजों के साथ भी काम किया है। उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन ने उनके विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इंग्लैंड में कैलम स्मिथ और एंटनी बेलवे समेत कई मुक्केबाजों का पोषण और मार्गदर्शन किया है, जिससे उन्हें पेशेवर विश्व चैंपियनशिप तक पहुंचने में मदद मिली है।

## जूनियर एशिया कप में पाक से भिड़ेंगे भारत के लड़के

नई दिल्ली, 26 मई। ओमान के सलालाह में पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 में लगातार दो मुकाबले जीतने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय जूनियर टीम शनिवार को ठुप चरण में अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय लड़कों ने जीत के साथ अपने अभियान की रोमांचक शुरुआत की थी। अपने पहले पूल ए मैच में चीनी ताइपे पर 18-0 की शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारत ने गुरुवार को अरिजीत सिंह हुंदल , शारदा नंद तिवारी और उत्तम सिंह के गोलों की मदद से जापान पर 3-1 से जीत दर्ज की थी।

मुकाबले से पहले भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, हमने टूर्नामेंट की शुरुआत मजबूत नोट के साथ की है और हम पाकिस्तान के खिलाफ उसी मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहेंगे। हमारी पहली दो जीत ने हमें वह आत्मविश्वास दिया है जिसकी हमें जरूरत थी। पाकिस्तान के पास भी एक मजबूत टीम है और यह एक करीबी मुकाबला होगा।

इस बीच, पाकिस्तान भी टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मुकाबला 15-1 से जीतकर और फिर अपने दूसरे गेम में थाईलैंड को 9-0 से हराकर टूर्नामेंट में अब तक नाबाद है। उत्तम सिंह ने कहा, 'हमारी रक्षा पंक्ति अच्छी है लेकिन पाकिस्तान के पास भी अच्छे हमलावर हैं। हमने अतीत में इसी तरह की चुनौतियों का सामना किया है और हमें विश्वास है कि हम उन्हें गोल करने से रोकने में सक्षम होंगे।

दोनों टीमें आखिरी बार 2015 मेन्स जूनियर एशिया कप फाइनल में भिड़ी थीं, जिसे भारत ने 6-2 से जीता था। 2011 के बाद से भारत जूनियर पुरुष हॉकी टीम और पाकिस्तान जूनियर पुरुष हॉकी टीम सात बार आमने सामने हो चुकी है, जिसमें भारत पांच बार और पाकिस्तान एक बार जीता है। एक मैच टाई में समाप्त हुआ है।

# प्रदेश में तूफान और बारिश ने बरपाया कहर

### तूफान से अनेक पशु-पक्षी काल कलवित हो गये, दर्जनों मोर की मौत

## बाप क्षेत्र में 700 से अधिक विद्युत खंभे जमींदोज



बाप के निकट मालमसिंह की सिड्डु के तेज अंधड़ से लोहे का टॉवर गिर गया।

**बाप, (निसं)।** जोधपुर जिले के बाप क्षेत्र में बीते दो दिन से चल रहा खराब मौसम डिस्कॉम को संभलने का मौका नहीं दे रहा है। डिस्कॉम कर्मचारी एक दिन पहले आए तेज अंधड़ से गिरे खंभों को ठीक कर पाते इससे पहले ही गुरूवार रात आए तूफान ने ग्रामीण क्षेत्र का विद्युत तंत्र ही धराशायी कर दिया। शक्तिशाली तूफान से बाप क्षेत्र में 700 से अधिक विद्युत खंभे जमींदोज हो गए। यह संख्या बढ भी सकती है। इसमें 33 केवी लाइन के पोल भी शामिल है। एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर गिर कर टूट गए। तूफान के कहर से डिस्कॉम को लाखो का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा बडी संख्या में पेड पौधे भी धराशायी हुए है। हॉर्डिग टूटकर ताश के पत्तो की तरह उड़ गए। तूफान कितना शक्तिशाली था इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि खीरवा में सड़क किनारे खड़ी 35 टन वजन को उठाने वाली शक्तिशाली मशीन ही पलट गई। बड़ी तादाद में पोल गिरने से कई गांवों के साथ सैकड़ो ढाणियों में बिजली सप्लाई प्रभावित हो गई। बाप क्षेत्र में 14 मई को 80 तथा बुधवार शाम को अंधड़ से 75 पोल गिरे थे। बाप क्षेत्र में रात करीब 9 बजे के बाद बारिश के साथ तूफान आया था। बाप कस्बे में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई थी। दूसरा दशक निदेशक मुरारीलाल थानवी ने बताया कि वे रात नो बजे बाप से फलोदी जा रहे थे। जोड़ के बाद तेज तूफान की वजह से कार चलाना मुश्किल हो रहा था। सामने से आ रहे वाहन भी सड़क पर संतुलन नहीं बना पा रहे थे। कानसिंह की सिड्डु के पास रेल फाटक से 500 मीटर दूर मालमसिंह की सिड्डु रोड़ पर सोलर कंपनी का लगाया गया लोहे का टॉवर विद्युत लाइन पर गिर गया। उसका कुछ हिसा सड़क पर गिरने से यातायात भी अवरूद्ध हो गया।

डिस्कॉम बाप के सहायक अभियंता गोविंद राम ने बताया कि गुरूवार रात आए तूफान से डिस्कॉम को बड़ा नुकसान हुआ है। 700 से अधिक पोल टूट गए। शेखासर, खीरवा, मलार, जैतेरी, धोलिया, ननेऊ, जाम्बा सहित कई गांवों में सैकड़ों पोल गिर गए। अकेले खीरवा जीएसएसएस क्षेत्र में 250 से अधिक पोल गिरे है।

## मालपुरा में तूफान का ताण्डव, तीन की मौत व एक दर्जन घायल

**मालपुरा, (निसं)।** गुरूवार की देर रात्रि को तेज गर्जना व तेज हवाओं के साथ शुरू हुए तूफान ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर रातभर तबाही का ताण्डव मचा सैंकडों हरे पेड़ व मकानों को धराशाही कर दिया। तूफान के ताण्डव से क्षेत्र में तीन जनों की दर्दनाक मौत हो गई तो एक दर्जन घायल हो गये। वहीं मकान की दीवार के नीचे दबने से 12 बकरियों की मौत हो गई, तो कई पशु घायल हो गये।

तूफान की गति से मकानों पर लगे टीनशेड व सौर ऊर्जा की प्लेटें कई किलोमीटर दूर उड़ गई। तेज हवा व तूफान से मालपुरा डिविजन के 35 विद्युत फीडर के 10 ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जल उठे तो 260 विद्युत पोल धराशाही हो गये। डिग्गी फीडर के 7 ट्रांसफार्मर जल गये तो 120 से अधिक विधुत पोल धराशाही हो गये। 20 घंटों से अधिक समय तक दर्जनों गांव-ढाणियां अंधेरे में डूबी रही। शुक्रवार की शाम तक भी विद्युत व इंटरनेट की सेवाएं बाधित रही। पचेवर थाना क्षेत्र के अरनिया बस्सी में मकान की दीवार गिर जाने से भागीरथ जाट की मौत हो गई। तो 12 बकरियां भी मौत का शिकार हो गई। डिग्गी में कच्चे मकान की दीवार के नीचे दब जाने से बसंत गुर्जर की मौत हुई तो पप्पू गुर्जर घायल हो गया।

टोडारायसिंह क्षेत्र के गेदिया गांव में गिर्राज भांड का मकान गिर जाने से 9 साल की बच्ची अंशुका की मौत हो गई व परिवार के रेणु, बबली, शांति व सायरी घायल हो गई। मालपुरा कृषि मंडी, निर्माणाधीन एफसीआई गोदाम, जाजमो की ढाणी, ढोला का खेडा, सांस सहित सैंकडों की संख्या में गांव-ढाणियों में टीन व छप्पर उड़ गये। दर्जनों मकान धराशाही हो गये। औधोगिक क्षेत्र में 2 से 3 करोड़ रुपये के सौलर प्लांट व टीनशेड उड जाने से भारी नुकसान हुआ।

विधायक कन्हैयालाल चौधरी, एसडीएम महिपाल सिंह,पालिका ईओ राजपाल बुनकर,तहसीलदार सहदेव मंडा, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने पीड़ितों के आवास पहुंच मृतक के प्रति शौक व्यक्त कर गरीबों को आर्थिक मदद का विश्वास दिलाया। पंचायत मुख्यालयों पर लगे स्थाई महंगाई राहत शिविरों तथा शहर के बाबा लक्ष्मण दास बगीची मे चल रहे यज्ञ का पाण्डाल धराशाही हो गया। अस्पताल से मिली जानकारी में तूफान की चपेट में आ जाने से पप्पू गुर्जर निवासी डिग्गी, लल्लू निवासी उतरप्रदेश, शशिकांत निवासी संग्रामपुरा, मथुरा निवासी अम्बापुरा, पानकी देवी निवासी बांरा, हरजी निवासी गुंजा ढाणी मालपुरा, रामेश्वर नायक निवासी अम्बापुरा, हनुमान मीणा निवासी चांदा की ढाणी चांदसेन, मनभर देवी निवासी गुरूदयालपुरा घायल हो गये।

## बीदासर में कई स्थानों पर टीनशेड उड़े, पेड़ धराशायी



बीदासर क्षेत्र में गुरूवार रात को आये भीषण तूफान से कई जगह विद्युत पोल गिर गये।

**बीदासर, (निसं)।** क्षेत्र में गुरुवार को चक्रवाती तूफान का कहर देखने को मिला। गुरुवार की शाम 7 बजे बाद आये भीषण तूफान के कारण भारी नुकसान हुआ, अनेक स्थानों पर टीनशेड उड़ गये, विशालकाय पेड़ जड़ों से उखड़कर धराशायी हो गये। गुरुवार की शाम अचानक आसमान बादलों के अट गया और बिजलियां कड़कने लगी। तूफान के दौरान अत्यधिक तीव्र गति से हवायें चली और तेज बारिश हुई। लगभग एक घण्टे तक चले तूफान के दौरान कस्बे व आस-पास के क्षेत्र में भारी नुकसान बरपाया। तूफान के कारण क्षेत्र में विद्युत निगम के 200 विद्युत पोल व एक दर्जन डीपीयां टूटकर जमीन पर आ गिरी।

वहीं अनेक स्थानों पर बिजली के तार टूटकर जमीन पर आ गिरे,क जिसके कारण विद्युत निगम के लाखों रुपयों का नुकसान हुआ। वहीं ग्राम उंटालड़ में छप्पर गिरने से चार बकरियों की मौत हो गयी। तूफान में अनेकों पशु-पक्षी काल कलवित हो गये वहीं दर्जनों राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गयी। तूफान के कारण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई। तूफान के दौरान नोखा-सीकर मार्ग दड़ीबा के पास एक वाहन पर अचानक पीपल का पेड़ आ गिरा, गनीमत यह रही कि वाहन में सवार एडवोकेट बाघाराम व उनकी पुत्री को कोई हानि नहीं हुई। वहीं कस्बे की शिवकृष्ण गौशाला मे बने शेड के 18 टीन उड़ गये। बारिश के कारण कस्बे के नीचले इलाकों में पानी भर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत् दो दिनों मे क्षेत्र में करीब 160 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई जिसमें से बुधवार को करीब 120 एमएम और गुरुवार को करीब 40 एमएम बारिश हुई।

## तूफान से बिजली विभाग को काफी नुकसान पहुंचा

**सूरजगढ़, (निसं)।** गुरुवार देर शाम को आई आंधी तूफान के चलते बिजली विभाग को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के मुताबिक महज चंद घंटों में मौसम ने बिजली विभाग को भी 25.50 लाख का नुकसान कर दिया। एईएन बृजपाल ने बताया कि सूरजगढ़ एईएन कार्यालय से जुड़े 27 गांव प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि जाखोद, राजवीरपुरा, बेरला, धींगड़िया, अगवाना, बड़सरी का बास, स्वामी सेही, स्यालू, सेही कलां सहित अन्य गांवों में 11 केवी के 155 पोल, एलटी लाइन के 130, थ्री फेस के 62 ट्रांसफॉर्मर, सिंगल फेस के 20, अंधड़ की वजह से टूट कर गिर गए। जिसके चलते काफी घंटों से बिजली प्रभावित है। एईएन बृजपाल ने कहा कि सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में करीब 3 से 4 दिन का समय लगेगा। कई इलाकों में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

## अंधड़ ने सूरजगढ़ के इलाके में मचाई तबाही, करोड़ों का नुकसान हुआ

**सूरजगढ़, (निसं)।** पश्चिमी विश्व की सक्रियता के चलते बदले मौसम के मिजाज से गुरूवार को देर शाम तेज आंधी के साथ आई जोरदार बारिश की वजह से शहर व ग्रामीण क्षेत्र में करोड़ों रुपए के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। प्रधान बलवान सिंह रघुनाथपुरा ने इलाके में हुए नुकसान का जायजा लिया। काकोड़ा गांव के रहने वाले पशुपालक रिशाल सिंह का टीनशेड भेड़ों पर गिर गया। जिससे 14 भेड़ों की मौत हो गई। रघुनाथपुरा डेयरी संचालक ईश्वर सिंह स्वामी ने बताया कि रात को तेज आंधी के कारण गायों के लिए बनाई हुई चारदिवारी गिर गई। सुबह तक मलबे को हटाकर गायों को बाहर निकाला गया। दस से अधिक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं तेज हवाओं के साथ आई बारिश व ओलों ने फसलों, पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाया। खेतों में पानी भरा हुआ है। सूरजगढ़-बुहाना रोड पर बड़ी संख्या में पेड़-पौधे टूट गए और सड़कों पर आ गिरे। तेज अंधड़ से हुए नुकसान का आंकलन पटवार सर्किल द्वारा किया जा रहा है। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि इलाके में लगी सौर ऊर्जा की प्लेट, टीनशेड उड़कर 100 से 200 मीटर तक दूर जाकर गिर गए। वहीं खेतों में खेजड़ी के पेड़ काफी संख्या में टूट गए। इसी के साथ बिजली विभाग के बिजली के पोलों के टूटने से भी लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गुरुवार देर शाम से ही शुक्रवार दिन भर विद्युत सप्लाई बाधित रही। पिलानी मौसम केंद्र पर 50.2 एमएम बरसात दर्ज की गई है। मौसम विभाग की ओर से जिले के लिए 29 मई तक येलो अलर्ट जारी करते हुए ओलावृष्टि धूल भरी आंधी या और बरसात की चेतावनी जारी की गई है। सूरजगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 15 में अंधड़ की वजह से रास्ते पर खड़े बिजली के पोल का तार टूट गया। तार टूटकर सड़क पर आ गिरा। जिसकी चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। बलवान सिंह रघुनाथपुरा, प्रधान, पंचायत समिति सूरजगढ़ का कहना है कि गुरुवार देर शाम आए तेज अंधड़ व बारिश की वजह से इलाके में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। किसान पशुपालक की फसलों पशुओं का काफी नुकसान हुआ है।

**कार्यालय विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति बयाना ( भरतपुर )**
क्रमांक:पंसब/लेखा/2023-24/209 दिनांक:25.05.2023
**ई-निविदा सूचना सं. 01/2023-2024**
पंचायत समिति बयाना एवं अधीनस्थ 46 ग्राम पंचायतों के लिए महानरेगा एवं ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आपूर्ति बाबत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये ई-निविदायें दिनांक 08.06.2023 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।
NIB No.-ZBH2324A0047 UBN No-ZBH2324GLRC0082 से 00128 तक
**विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति बयाना**

# विरोधी गुट के लोगों की एन्ट्री के बाद भाजपा में राजे समर्थकों की एन्ट्री पर संशय

## ज्वाइनिंग कमेटी ने कई और दिग्गजों की वापसी के संकेत दिए

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरु कर दी है। इसके साथ ही प्रदेश में जहा बड़े नेताओं की सभाए हो रही है। वहीं दूसरी ओर पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा को छोड़ कर जाने वाले नेताओं की घर वापसी भी की जा रही है। इसके साथ ही अब चर्चाओं में है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थकों को भाजपा में शामिल नही किया जा रहा है। जबकी हाल ही भाजपा में सुभाष महरिया के साथ अन्य कई नेता भाजपा में शामिल हुए है। वही वंसुंधरा समर्थक माने जाने वाले नेताओं के कई महिनों पहले ही भाजपा में आने के संकेत चल रहे थे लेकिन भाजपा के द्वारा उन नेताओं को तो शामिल नहीं किया लेकिन वंसुधरा के विरोधी गुट के माने जाने वाले पूर्व मंत्री सुभाष महरिया की भाजपा में एन्ट्री हुई है।

पिछले साल के अक्टूबर माह में उपचुनावों से ठीक पहले पश्चिमी राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रहे देवीसिंह भाटी की पार्टी में वापसी की चर्चाएं तेज हो गई थी, क्योंकि भाटी ने इस दौरान बकायदा बीकानेर शहर में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की उपस्थिति में एक बड़ी सभा आयोजित कर समर्थकों की भारी भीड़ जुटाकर अपनी ताकत का अहसास दिलाने का प्रयास किया था। इस सभा के बाद भाटी सहित अन्य वापसी का इंतजार कर रहे नेताओं के लिए वरिष्ठ संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम निर्णय लेने के लिए एक ज्वाइनिंग कमेटी गठित की गई थी।

■ **भाजपा के कई नेताओं की घर वापसी की तैयारी**

हालांकि भाटी शेखावटी के बड़े नेता माने जाते हैं। इनका बीकानेर के अलावा इनके आस पास के कई जिलों में प्रभाव है। भाजपा के वे पहले कई पदो पर रहे है।

वही अजमेर संभाग के बडे नेता भवंर सिह पलाडा, उदयपुर संभाग के बड़े नेता रणधीर सिंह भीडर की भाजपा में वापसी की चर्चाए चल रही थी लेकिन इन दिनों इन चर्चाओं पर भी विराम सा लग गया है। इसके बाद कमेटी में शामिल सभी सदस्य कभी सरदारशहर उपचुनाव तो कभी गुजरात चुनाव और जन आक्रोश यात्रा सहित दूसरे संगठन संबंधी कामकाज में व्यस्त रहे। इसके चलते कमेटी किसी तरह का कोई निर्णय नहीं कर पाई। अब कमेटी सदस्यों की ताजा रिपोर्ट पर प्रदेश भाजपा संगठन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ० ाो कांग्रेस से पुनरू भाजपा में शामिल किया है।

पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी के अलावा पूर्व मंत्री सुरेंद्र गोयल और पूर्व विधायक विजय बंसल एवं चार-पांच पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक एवं कई पूर्व पार्टी पदाधिकारी भाजपा में पुनरू एंट्री की कतार में हैं। वहीं भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस ज्वाइन करने वाले मानवेंद्र सिंह एवं कई अन्य की भी आगामी विधानसभा चुनाव से पहले वापसी को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद सुभाष महरिया के पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अब कई घर वापसी का इंतजार कर रहे कई दिग्गज नेताओं की उम्मीदों को भी पंख लगे हैं।

## 13 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को 13 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इस दौरान 18 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 79 रह गए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से एक संक्रमित की मौत हुई है।

प्रदेश में शुक्रवार को पांच जिलों में 13 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 9 रोगी पाए गए थे। राज्य में आज सबसे ज्यादा 6 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 4 तथा अजमेर, जोधपुर और राजसमंद में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 2583 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में शुक्रवार को 18 मरीज रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 79 रह गए हैं। इनमें 26 मामले जयपुर में बचे हैं। इसके अलावा उदयपुर में 16 और बीकानेर में 11 लोगों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से जोधपुर में एक संक्रमित की मौत हो गई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9734 लोगों की मौत हो चुकी है।

## परिणाम कैसे जारी किया?

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा, 2022 में आरपीएससी की ओर से घोषित की गई राजनीति विज्ञान विषय की उत्तर कुंजी में आपत्ति के बाद भी परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी करने पर प्रमुख शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक व आरपीएससी सचिव से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश हरिशंकर वर्मा की याचिका पर दिए।

## हथियार समेत दो गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना पुलिस और डीएसटी साउथ ने ऑपरेशन आग के तहत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो देशी पिस्टल और 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रारम्भित पूछताछ में सामने आया कि ये बदमाश मध्यप्रदेश से हथियार लेकर आए थे। गिरफ्तार बदमाश शेखर सिंह राजावत उर्फ सूरजू बिहारी के खिलाफ जयपुर कमिश्नरेट में मारपीट,हत्या के प्रयास के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं वहीं आरोपी विष्णु कुमार गुर्जर के खिलाफ हत्या और अवैध हथियारों के मुकदमे दर्ज हैं।

## आंधी-तूफान से राजधानी का बिजली तंत्र प्रभावित

■ **मौसम में ठंडक बढ़ने से बिजली की 1145 लाख यूनिट खपत कम हुई**

**जयपुर (कासं)।** आंधी-तूफान, बारिश के कारण जयपुर जिले का बिजली तंत्र प्रभावित हुआ है। शहर के कई इलाकों में ही 14 घंटे तक बिजली गुल रही। जबकि, ग्रामीण क्षेत्र का 40 फीसदी इलाके में 24 घंटे बाद तक बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। परेशान लोगों के इंजीनियरों और टोल फ्री नम्बर पर फोन घनघनाते रहे, लेकिन ज्यादातर को कोई उत्तर नहीं मिला। ऐसे में डिस्कॉम का बेहतर बिजली प्रबंधन का दावा राजधानी जयपुर में ही खोखला साबित होता रहा।

सूत्रों की मानें तो टोल फ्री नम्बर पर आम दिनों में शहर में 250 से 300 शिकायत दर्ज होती है, लेकिन शुक्रवार को यह आंकडा 2100 को पार कर गया। टोल फ्री नम्बर पर लोग फोन करते रहे, लेकिन हमेशा की तरह आप कतार में हैं... रिकॉर्डेड आवाज सुनाई देती रही। अभियंताओं ने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं तेज अंधड के कारण रूफटॉप सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गए। छत और खेतों में लगे सोलर पैनल उखड़ गए। तेज हवा के कारण कई जगह तो उडकर दूसरी जगह जा गिरे।

हालांकि मौसम में बदलाव के कारण बिजली खपत एक साथ 1145 लाख यूनिट घट गई। 23 मई को 3300 लाख यूनिट बिजली डिमांड थी, जो एक दिन पहले घटकर 2255 लाख यूनिट रह गई। इस कारण सूरतगढ़ की 2570 मेगावाट क्षमता की 7 यूनिट से उत्पादन विद्युत उत्पादन बंद कराना पड़ा है।

# शिविर में 521 यूनिट रक्तदान



**जयपुर में झालाना केन्द्रीय विद्यालय नं. 3 के सामने सामुदायिक केन्द्र इन्दिरा नगर में शुक्रवार को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उपाध्यक्ष दीपक डंडोरिया के जन्म दिवस पर उन्हें फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।**

**जयपुर।** सामुदायिक केन्द्र इन्दिरा नगर फैज झालाना केन्द्रीय विद्यालय नं. 3 के सामने आज जयपुर में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उपाध्यक्ष दीपक डंडोरिया के जन्म दिवस से उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत 521 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। सैकण्डो कार्यकत्ताओं ने रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, इस सुअवसर पर उपाध्याक्ष, दीपक डंडोरिया द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की शुरूआत भी की गई। जिसका मकसद स्वच्छता के प्रति लोगो के अन्दर जागरूकता पैदा करना है और जयपुर को आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की सूची में प्रथम स्थान पर लाना है। दीपक डंडोरिया ने बताया कि आज जन्म दिवस पर जयपुर शहर में सफाई को लेकर स्वच्छता अभियान की मुहिम की शुरूआत नगर निगम ठोटर क्षेत्र से की गई है। आमजन में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा हेल्पलाईन नं. व ईमेल जारी किये गये है। अब आमजन को सफाई से संबंधित परेशानियों से राहत मिलेंगी,कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सडक पर झाडू लगाकर सफ़ाई के प्रति लोगों को जागरूक भी किया और सकरात्मक संदेश दिया। जन्मदिवस के उपलक्ष में सम्पूर्ण राजस्थान में अपने-अपने जिलो में कार्यकत्ताओं ने रक्तदान शिविर, भोजन व फल वितरण का कार्यक्रम किया रक्तदान शिविर में अतिथि के रूप में मंत्री डॉ. महेश जोशी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग, कृष्णा पूनिया विधायक सादुलपुर व अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा एसोसिएशन, राजीव अरोड़ा अध्यक्ष लघु उद्योग विकास निगम, अर्चना शर्मा, अध्यक्ष राजस्थान समाज कल्याण विभाग, पवन गोदारा अध्यक्ष ओबीसी वित्त एवं विकास कॉरपोरेशन, विरेन्द्र पूनिया, द्रोणाचार्य अवार्डी व मुख्य खेल अधिकारी राजस्थान, मुनेश गुर्जर, महापौर, नगर निगम हैरिटेज, सम्मिलित हुए और अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित की। सभी ने समस्त रक्त दाताओं की हौंसला अफजाई की एवं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

## 'इस निकम्मी सरकार को किसान सबक सिखाएगा'

**जयपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां की अध्यक्षता में भाजपा किसान मोर्चा की 'एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति' की बैठक जयपुर के न्यू सांगानेर रोड, रजत पथ के सामने स्थित न्यू हवेली होटल के पास 'शिव सरोवर' में आयोजित हुई। भाजपा किसान मोर्चा की 'एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति' की बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर ''वन्दे मातरम्'' गान के साथ हुआ।

मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जामाफी की जायेगी, जो अभी तक नहीं की गई। आज भी किसान अपनी पूर्ण कर्जमाफी का इंतजार कर रहा है। किसानों के साथ वादाखिलाफी करने वाली ऐसी निकम्मी सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश का किसान सबक सिखाएगा।

बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) चन्द्रशेखर ने कहा कि मोदी सरकार के सुशासन एवं सेवा के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाये। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी ने किसानों के उत्थान में एफपीओ की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

## गौकाष्ठ उपयोग कर पेड़ बचाएं

**जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं गोसंवर्द्धन समिति के सद्प्रयास से जयपुर विद्याधर नगर सैक्टर 4,10 व मुरलीपुरा एवं झोटवाडा के मुक्तिधाम पर गौकाष्ठ (गोवर की लकडी) उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे अंतिम संस्कार में जलाई जा रही लकडी बच रही है। समिति के संयोजक राजकुमार टीबडेवाल ने बताया कि एक अंतिम संस्कार गौकाष्ठ में करवाने पर पन्द्रह वर्ष आयु के दो पेडों को जीवनदान मिलता है।

# महिला को घायल कर दुष्कर्म करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी के मानसरोवर इलाके में घर में घुसकर महिला को घायल कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को बूंदी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में नकबजनी और चोरी के मामले में टोंक और अजमेर में गिरफ्तार हो चुका है। वह देवली थाने का स्थाई वारंटी है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि 23 मई को पीड़िता ने पर्चा बयान में बताया था कि रात को वह घर पर सो रही थी। करीब साढ़े ग्यारह बजे उसका पति ऑटो लेकर चला गया। उसके बाद वह घर में अकेली सो रही थी। तभी रात 12 बजे एक व्यक्ति कूलर वाली खिड़की के रास्ते से अंदर आया और उसका मुंह और गला दबा दिया। पीड़िता ने उसने हटाने की कोशिश की। इस पर उसने उसके गले पर ब्लैड से कट मार दिया, जिससे महिला के खून निकल गया। आरोपी बोला अगर तू चिल्लाई तो वह उसे जान से मार देगा। मेरा एक साथी बाहर खड़ा है। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ गलत काम किया। जाते समय वह उसके दोनों मोबाइल लेकर चला गया और कमरे को बाहर से बंद कर दिया। किसी तरह वह खिड़की से बाहर निकली और कमरे का दरवाजा खोला। 9 महीने के बच्चे को लेकर बाहर आकर सामने थड़ी में सो रहे अपने ससुर को जगाया और पति को फोन किया। एसीपी मानसरोवर अभिषेक शिवहरे ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी हरिपाल सिंह, एसआई वन्दना के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने 200 से ज्यादा कैमरों को खंगाला। पुलिस ने आरोपी को चिन्हित कर उसे बूंदी से गिरफ्तार कर लिया।

## क्यों ना आर.ओ. ई.ओ.परीक्षा को रद्द कर दिया जाए?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, आरपीएससी और प्रमुख यूडीएच सचिव को नोटिस जारी कर पूछा है कि परीक्षा में नकल होने और दूसरी पारी में कुछ प्रश्नों के रिपीट होने पर क्यों ना राजस्व अधिकारी व अधिशासी अधिकारी भर्ती, 2022 की परीक्षा को रद्द कर दिया जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश भारत सिंह मीणा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता प्रेमचंद देवन्दा ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय और अधिशासी अधिकारी के पदों के लिए गत 14 मई को दो पारियों में लिखित परीक्षा आयोजित की थी।

जिसमें करीब तीन लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। याचिका में कहा गया कि भर्ती परीक्षा में आरपीएससी की ओर से प्रथम परीक्षा में पूछे गए कुछ प्रश्नों को हूबहू दो घंटे बाद आयोजित दूसरी पारी में भी पूछ लिया गया। जिसके चलते दूसरी पारी के अभ्यर्थियों को पहली पारी का प्रश्न पत्र का अध्ययन कर लेने से फायदा हो गया।

ऐसे में दूसरी पारी के अभ्यर्थियों के पहली पारी के अभ्यर्थियों के मुकाबले अधिक अंक लाने की संभावना बढ गई है। आरपीएससी की ओर से बनाए गए इस दोषपूर्ण प्रश्न पत्र के चलते पहली पारी के अभ्यर्थियों को नुकसान होगा।

## 'राजस्थान स्लीप सिम्पोज़ियम' 28 को

**जयपुर।** स्लीप एजुकेशन एंड रिसर्च सोसायटी राजस्थान और साऊथ ईस्ट एशियन अकेदमी ऑफ स्लीप मेडिसिन की ओर से 28 मई को 'राजस्थान स्लीप सिम्पोज़ियम' आयोजित किया जायेगा। दुर्गापुरा स्थित होटल रॉयल ओर्चिड में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक यह कार्यक्रम होगा।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा और सचिव डॉ. शिवानी स्वामी ने बताया कि उद्घाटन सत्र सुबह पौने 10 बजे होगा। इसके बाद दो विषयों पर स्पीकर डॉ. प्रमोद दाधीच व डॉ. रजनीश शर्मा तथा चेयरपर्सन डॉ. शीतु सिंह, डॉ. राजीव कटारा, डॉ. बी.बी.माथुर, डॉ. पंकज गुलाटी, डॉ. शुभ्रा जैन व डॉ. विजयंत सोलंकी रूबरू होंगे।

## वेद प्रकाश यादव को कोर्ट ने जेल भेजा

■ **योजना भवन के बेसमेंट में अलमारी से 2.31 करोड़ रुपए व एक किलो सोना मिलने का मामला**

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर के योजना भवन में डीओआईटी के बेसमेंट में अलमारी से 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने के मामले में गिरफ्तार संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश यादव को दो दिन का रिमांड पूरा होने पर शुक्रवार को एसीबी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

एसीबी ने कोर्ट को बताया कि यादव से पांच दिन रिमांड के दौरान पूछताछ की जा चुकी है। अब उन्हें रिमांड की आवश्यकता नहीं हैं। एसीबी सूत्रों के अनुसार आरोपी ने जांच में कोई सहयोग नहीं किया।

उससे पैसों के बारे में कई बार पूछा गया लेकिन उसके द्वारा कोई जवाब सही नहीं दिया। अब एसीबी आरोपी वेद प्रकाश यादव के जब्त मोबाइल, लेपटॉप सहित अन्य उपकरणों की एफएसएल से जांच करवा रही है।

# ऐसी क्या मजबूरी है कि ए.सी.बी. में पूर्णकालिक डी.जी. की नियुक्ति नहीं कर रहे? : डॉ. पूनिया

■ **'कांग्रेस सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं, इसलिये केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सचिवालय के पीछे बड़ी संख्या में नकदी और सोना मिलने की घटना के केन्द्रीय एजेंसी से जांच करवाने का आग्रह किया है'**

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बयान जारी कर कहा है कि, राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की अशोक गहलोत के शासन में राजस्थान की जनता ने सबसे अधिक पीड़ा भुगती है, वैसे तो किसान कर्जमाफी, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था तमाम मुद्दे यक्ष प्रश्न की तरह खड़े हैं।

कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का जिस तरीके से तांडव है, मुझे लगता है कि राजस्थान के इतिहास में कभी नहीं हुआ। अभी मुख्यमंत्री की नाक के नीचे सचिवालय के पीछे बड़ी संख्या में नकदी और सोना मिलना इस बात का प्रमाण है कि किस कदर भ्रष्टाचार ने घुसपैठ कर रखी है। जिस तरीके से राजस्थान में माफियाओं का राज है, अपराधियों का राज है, राजस्थान में पिछले कुछ अरसे से कोई भी पूर्णकालिक गृहमंत्री नहीं है। सचिवालय की घटना पर पुलिस के अधिकारी, चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी प्रेस कांफ्रेंस करते हैं, जो एजेंसी है एसीबी की उसका कोई अधिकारी मौजूद नहीं होता है। पूर्णकालिक गृहमंत्री नहीं है समझ में आता है, लेकिन एसीबी के लिये डीजी स्तर का कोई सक्षम अधिकारी नहीं है, ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि इतने बड़े भ्रष्टाचार के इतने बड़े एपिसोड में उसकी जांच कौनसी एजेंसी करेगी, कितने निरपेक्ष तरीके से करेगी, यह सवाल आज भी खड़ा हुआ है। इसलिये राजस्थान सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं, इसलिये केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि किसी केन्द्रीय एजेंसी से इसकी जांच करवाई जाये।

# तूफानी बारिश व अंधड़ से कहीं हरे-भरे पेड़ धराशायी हुए तो कहीं दीवारें गिरी

**जयपुर (कासं)।** राजधानी में तूफानी बारिश और तेज अंधड़ ने गुरूवार रात को जबरदस्त कहर बरपाया। रामनिवास बाग, जे.एल.एन. रोड, नाहरगढ़ रोड, सी-स्कीम, विद्याधर नगर, दिल्ली बायपास रोड और बिंदायका क्षेत्र समेत कई जगहों पर हरे-भरे पेड़ धराशायी हो गए, जबकि आमेर इलाके में नाई की थड़ी स्थित एक मकान की दीवार टीनशेड के नीचे सो रहे परिवार पर गिर गईं, इससे 50 वर्षीय युवक की मौत हो गयी, जबकि उसकी पत्नी तसलीम, मां व चार बच्चे दब गए, जिन्हें उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। तेज अंधड़ में शहर में घायल होकर 30 लोग सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे, जिनमें से 11 को भर्ती करना पड़ा। शेष लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

उधर नाई की थड़ी में दीवार गिरने की सूचना पाकर जयसिंहपुरा खोर पुलिस व आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची थी। हादसे में 50 वर्षीय आबिद मोहम्मद की मौत हो गई। बाकी परिवार के सदस्यों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी। थानाधिकारी सतपाल यादव ने बताया कि आबिद शांति कॉलोनी में टीनशेड के घर में रहकर रिक्शा चलाते थे। गुरूवार रात को आई आंधी के बाद करीब 11 बजे बारिश के दौरान पास वाली दीवर टूटकर आबिद के टीनशेड पर गिर गई। जिससे अंदर सो रहे आबिद, पत्नी तसलीम, मां व चार बच्चे दब गए। पडौसियों द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीमों ने सभी घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया।

उधर मौसम विभाग ने 27, 28 व 29 मई को जयपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, अलवर, नागौर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर व करौली जिलों में तीव्र मेघगर्जन, 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज अंधड़ और तेज बारिश के साथ-साथ कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण जयपुर में न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है, करीब 2 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है।

वहीं दूसरी ओर जयपुर-सीकर रोड स्थित कूकरखेड़ा अनाज मंडी में बारिश में भीगे हुए अनाज को सुखाने की कवायद में शुक्रवार को दिनभर किसान जुटे रहे। गुरुवार रात अचानक तेज हवा के साथ हुई बरसात ने ना केवल यहां की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी, बल्कि किसानों की कड़ी मेहनत से उपजाया गया अनाज भीग गया, जिसके चलते किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, शुक्रवार को किसान भीगी बोरियों में से गेंहू निकाल कर उन्हें सुखाने की मशक्कत करते रहे। उनका कहना था कि अब गेंहू सूखने के बाद उन्हें फिर से उनकी बोरियों में भरवाई करनी होगी, जिससे लेबर का खर्च दोगुना हो जाएगा। इतना ही नहीं अनाज मंडी में जगह जगह पानी भी भर गया, जिससे किसानों को खासी परेशानी हुई।

गुरूवार रात को अंधड़ की वजह से शहर में कई जगह पेड़-पौधे, दीवार, बिजली के पोल गिर गए, जिससे काफी नुकसान हुआ। एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट्स का संचालन करीब एक घंटे तक प्रभावित रहा। नाहरगढ़ रोड पर बड़ा पेड़ नजदीक बनी दीवार पर गिर गया, इससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि मकान की दीवार ढह गई। इस पेड़ के धराशायी होने से नजदीक बने मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। इसी तरह तेज आंधी के कारण जयपुर के राजापार्क में एक परिसर पर लगे मोबाइल टावर का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा। गनीमत ये रही कि उस समय वहां से कोई व्यक्ति या वाहन चालक नहीं गुजर रहा था, वरना हादसा हो सकता था। इसी तरह दिल्ली रोड पर खोले के हनुमानजी मंदिन के पास बड़ा पेड़ गिरने से वहां कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम हो गया।

## प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. संदीपन मुकुल को मातृशोक

**जयपुर (कासं)।** प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. संदीपन मुकुल की माताजी डॉ. संतोष मुकुल का शुक्रवार को राजधानी जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वे 91 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। इस कारण उनका फोर्टिस अस्पताल में उपचार चल रहा था। शुक्रवार शाम 6 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से चिकित्सा जगत में शोक की लहर छा गई। डॉ. संतोष मुकुल का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह जयपुर में आगरा रोड स्थित पुरानी चुंगी मोक्षधाम में होगा।

ज्ञात रहे कि स्व. डॉ. संतोष मुकुल राजस्थान की अग्रणी व वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल के 65 वर्ष चिकित्सा सेवा को समर्पित किए, उन्होंने जयपुर के सोडाला स्थित ई.एस.आई. मॉडल अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक पर भी सेवाएं दीं। हाल ही में उन्हें एम.एम.एस. मेडिकल कॉलेज की ओर से आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में सम्मानित किया गया था।

## डॉक्टर की गैर मौजूदगी के लिए गाइडलाइन क्यों नहीं?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने डॉक्टर की गैरमौजूदगी यानि उनके अनुपस्थित या अवकाश पर रहने के दौरान नर्सिंग अधिकारी को डॉक्टर के कार्य दिए जाने के संबंध में कोई गाइडलाइन नहीं होने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, चिकित्सा निदेशक व अन्य से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश खुशीराम मीणा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुखदेव सिंह सोलंकी ने बताया कि डॉक्टर के अनुपस्थित रहने के दौरान नर्सिंग अधिकारी को डॉक्टर के कार्य करने का निर्देश देते हुए बाध्य किया जाता है। नर्सिंग अधिकारी को ओपीडी/आईपीडी व आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा अधिकारी के कार्यों के अनुरूप मरीजों को देखने का निर्देश दिया जाता है। जबकि यह कार्य नर्सिंग अधिकारी की जिम्मेदारी में नहीं आता। वहीं सरकार ने नर्सिंग अधिकारी को डॉक्टर के कार्य दिए जाने को लेकर अभी तक ना तो कोई गाइडलाइन बनाई है।

## सरकार जल्द नुकसान का आंकलन करवा कर राहत दे : सी.पी.जोशी

■ **'जोधपुर जिले में हुई श्याम पालीवाल की हत्या के अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए'**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आंधी और तूफान से जनधन और पशुधन की हानि हुई है। प्राकृतिक आपदा से हुए इस नुकसान को लेकर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शुक्रवार को बयान जारी कर गहलोत सरकार से जल्द नुकसान का आकलन करवा कर प्रदेश की जनता को राहत देने की मांग की है।

जोशी ने कहा राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बेमौसम बारिश और आंधी तूफान की वजह से पशुधन और जनधन की हानि हुई है। कई हिस्सों में लोगों के मकान ढहने से लोग बेघर हो गए तो कुछ लोगों की मौत हो गई। इतना ही नहीं इस प्राकृतिक आपदा में पधुओं की भी मौत हुई है। आसमानी आफत से हुए जनता के नुकसान की भरपाई के लिए अब भाजपा ने गहलोत सरकार के सामने जल्द नुकसान का आंकलन करवा कर मुआवजा देने की मांग रखी है। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि इस आपदा से जो नुकसान प्रदेश की जनता को उठाना पड़ा है, उसका सरकार जल्द आंकलन कराएं और लोगों को राहत मुहैया कराए। जोशी ने कहा कि संकट की घड़ी में भाजपा इन सभी प्रभावित लोगों के साथ हर संभव मदद के लिए खड़ी है। वही जोशी जैसलमेर दौरे पर तनोट माता मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद बावलियान पोस्ट पर सैनिकों से मिलकर उनका अभिवादन किया। उन्होंने सैनिकों के लिए कहा कि वह सीमा पर अपना सर्वस्व अर्पण करके भारत की रक्षा करते हैं। इसके बाद रामदेवरा में बाबा रामदेव के दर्शन किए और पोकरण में मंडल कार्यसमिति को संबोधित किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के अजमेर दौरे को लेकर बहुत उत्साहित है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें जनहितकारी बताया और कहा कि प्रधानमंत्री जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। इसलिए प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास करती है। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ओसियां के चेरेई गाँव पहुंचकर अभी हाल ही मैं हुई हत्या श्याम पालीवाल के निवास स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा अपराधों को लेकर इस सरकार को जगाना भी व्यर्थ जा रहा है। यह जाग ही नहीं रही है। अपनी कुर्सी की सुरक्षा के चक्कर में पूरे प्रदेश को गहलोत ने अपराध के अंधकार में धकेल दिया है।

# जे.ई.सी.आर.सी. यूनिवर्सिटी में 2050 ऑन कैंपस ऑफर्स

**जयपुर (कासं)।** जेईसीआरसी हर दिन बना रही है नए रिकॉर्ड, ग्लोबल एमएनसी रिक्रूटर्स और फॉर्च्यून 500 कंपनीज की पसंद बन रहे जेईसीआरसी के विद्यार्थी।

जेईसीआरसी में हर बार की तरह एक बार फिर प्लेसमेंट के नए रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। 30 अप्रैल 23 तक 170 से अधिक वैश्विक कंपनियों जैसे अमेज़न, एचपी, ट्रिलॉजी, सेलेबल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले, आईबीएम, ज़ेबिया, सेल्सफोर्स, एचडीएफसी, टाटा एआईजी, ज़ी स्टूडियोज, मिंत्रा, कोटक महिंद्रा, जियो, सेपिएंट, फ्यूचर फर्स्ट और ताज होटल 186 दिन में 2050 ऑन-कैंपस ऑफ़र बच्चों को प्रदान किये है, इनमें से 250 ऑफर 10 एलपीए से ऊपर के हैं जो विवि के लिए गर्व की बात है।

वाइस चेयरपर्सन,जेईसीआरसी, अर्पित अग्रवाल ने कहा कि ये उपलब्धियां विद्यार्थियों और प्लेसमेंट सेल की अथक मेहनत का परिणाम हैं। हमारे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अधिक अवसर मिले हैं।

## होनहार प्रतिभाओं का सम्मान

**वैर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में कक्षा 12वीं कला संकाय में सत्र 2022-23 के परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय की होनहार प्रतिभाओं का सम्मान समारोह विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति वैर के द्वारा विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया ।

जहां सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर विद्यालय स्टाफ द्वारा खुशी का इजहार किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय से 75 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों को माला-साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया । जिनमें पूरे वैर ब्लॉक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सुनील कुमार पुत्र ओम प्रकाश 91.60 , एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रितिका धाकड़ 90.40 के साथ ही मनजीत धाकड़ 89.00 , इंद्रमोहन 88.20 ,नेहा धाकड़ 86.80 , श्रेया धाकड़ 86.60 , मनीषा शर्मा-86.00 , रामनरेश धाकड़ 85.60 ,हेमंत सैनी 84.20 , मुस्कान कुमारी 82.20 , भरत 81.60 , जतिन सैनी 78.00 , यशपाल 75.00 , लक्ष्मी कुमारी 75.00 एवं इंद्रमोहन - 75.00 को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया ।

# संभाग प्रभारी सुनील दत्त ने आईजी कार्यालय का निरीक्षण किया

**भरतपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं भरतपुर रेंज संभाग प्रभारी सुनील दत्त षुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण के लिए भरतपुर आए। जहां आईजी कार्यालय पहुंचने पर आईजी गौरव श्रीवास्तव, एसपी ष्याम सिंह ने उनकी अगवानी की। पुलिस के जवानों ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं भरतपुर रेंज संभाग प्रभारी सुनील दत्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक सुनील दत्त ने आईजी कार्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने आईजी गौरव श्रीवास्तव से भरतपुर रेंज की कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की एवं आवष्यक दिषा निर्देष दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेषकएवं भरतपुर रेंज संभाग प्रभारी सुनील दत्त ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक निरीक्षण किया जाता है। उसी कडी में निरीक्षण किया है। रेंज स्तर पर अपराध पर नियंत्रण किस प्रकार चल रहा है। अनुषासन किया प्रकार है इसका जायजा लिया। भरतपुर रेंज पर अपराध नियत्रंण का कार्य अच्छा चल रहा है।



**अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं भरतपुर रेंज संभाग प्रभारी सुनील दत्त ( बाएं से पहले ) शुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण के लिए भरतपुर आए।**

भरतपुर रेंज यूपी व एमपी से जुडा हुआ है ऐसे में यहां चुनौतियां अधिक होती है। लेकिन पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। नए जिले बनने पर पुलिस सीमाओं में होने वाले बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए बनाई गई कमेटियों के आधार पर कार्य होंगे। हर पुलिस थाना पर इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी लगाए जाएंगे इसमें थोडा वक्त लग रहा है। इंस्पेक्टर लेवल के प्रमोशन पर कुछ लिटिगेषन चल रहे है। लिटिगेशन खत्म होने पर इंस्पेक्टर नए आ जाएगे।

## गंधार को 89.40 प्रतिशत अंक मिले

**सूरौठ।** तहसील के समीपवर्ती ग्राम जटवाड़ा निवासी छात्र गजेन्द्र सिंह गंधार ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की 12 बोर्ड परीक्षा 2023 में कला संकाय में 89.40 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित कि है गजेन्द्र गंधार के पिता एक किसान है गजेन्द्र के पिता का कहना है उनके बेटे के द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के पीछे विद्यालय के समस्त स्टाफ कर्मियों सहित विशेष रूप से विद्यालय निदेशक मधुसूदन शर्मा का योगदान है उनके द्वारा समय-समय पर छात्र कों सही मार्गदर्शन प्रदान करने के कारण आज गजेंद्र अच्छे अंकों के साथ पास होकर विद्यालय परिवार सहित अपने गांव जटवाड़ा का नाम रोशन किया है गजेन्द्र भविष्य में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देकर प्रशासनिक सेवा में भर्ती का लक्ष्य के साथ तैयारी करेंगे वही किसान पिता संतान सिंह चौधरी का भी सपना है कि बेटा प्रशासनिक सेवा में भर्ती हो नेहरू पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक मधुसूदन शर्मा प्रधानाचार्य राजेंद्र शर्मा ने आज़ छात्र को माला पहनाकर सफलता पर बधाई दी इस मौके पर अध्यापक राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी मंडल जगीना भरतपुर कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया स्थान उदय विलास पैलेस एवं मुख्य अतिथि गिरधारी गुप्ता और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता उदय सिंह रहे।

बैठक का संचालन सुनील सहनावर्ली मंडल महामंत्री ने किया और बैठक की कार्यवाही में समिति के लिए सुझाव दिए कार्यसमिति में भाजपा नेता उदय सिंह ने कहां भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस सरकार पर रीट में चीट, बढ़ता अपराध, बेलगांव अपराधी, महिला दुष्कर्म और दलित अत्याचार, पर भरतपुर प्रथम है। इन सभी बातों को जनता के बीच ले जाने का संकल्प लिया एवं सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर रहने का सुझाव पेश किया और सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर जनता को जागरूक करना है।

## पदक जीता

**भरतपुर** (निस)। अतिरिक्त महानिदेषक पुलिस आर्म्ड-बटालियन्स एवं राजस्थान पुलिस के मुख्य खेल अधिकारी विषाल बंसल के आदेषानुसार भरतपुर पुलिस की हैड कानिस्टेबल मनीशा चाहर ने श्रीनगर (जम्मू-कष्मीर) में 22 से 26 मई तक आयोजित 45वीं नेषनल आर्म-रेसलिंग चैम्पियनषिप में भाग लिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिमिर,
### पंचायत समिति सपोटरा, जिला करौली

क्रमांक:-SPL-08 दिनांक: 18.05.2023

**नोट ई-बोली सूचना संख्या 01/2023-24**

पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत सिमिर के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत एवं अन्य समस्त योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था, की आपूर्ति के लिए पंजीकृत इच्छुक फर्मों से 31 मार्च 2024 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिय द्वारा ऑनलाईन बोलियाँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN- ZKR2324GL0B00030

सरपंच ग्राम पंचायत सिमिर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सिमिर


# चंबल के पानी के लिए दिखाई एकजुटता

**करौली।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने शुक्रवार को गांव महस्वा में किक्रेट प्रतियोगिता का फीता काटकर एवं बल्ले से शॉट मारकर उदघाटन किया। इस दौरान उनका गांव में जुलूश निकाल 100 से ज्यादा स्थानों पर माला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने का संदेश दिया। इस पर महस्वा गांव के पटेलों के साथ महिलाओं और युवाओं ने भी चंबल के पानी को नहरों के माध्यम से खेतों तक लाने के लिए एकजुटता दिखाई।

महस्वा में जारेडा क्रिकेट क्लब की ओर से लक्ष्मण नदी के पास मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई है, जिसका विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित खिलाडियों के साथ महिला-पुरुषों को ईआरसीपी के प्रति एकजुट होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक आएगा तो पेयजल और सिंचाई समस्या का समाधान होने के साथ क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजकों को अपनी ओर से 51 हजार रूपए प्रदान किए। इस पर खिलाडियों ने पानी वाले बाबा की जय और रामनिवास मीना तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगाए। इससे पहले गांव के प्रवेश द्वार से लेकर करीब तीन किलोमीटर तक गांव की परिक्रमा करते हुए डीजे और आतिशबाजी के साथ जुलूश निकाला गया। इस दौरान 100 से ज्यादा स्थानों पर रामनिवास मीना का ग्रामीण पटेलों और युवाओं ने स्वागत-सम्मान किया। महिलाओं ने डीजे पर बज रहे ईआरसीपी के संबंधित गीतों पर नृत्य कर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम के दौरान महस्वा के शीशराम पटेल, रामदयाल, सिरमोर, बबलू मीना, अंकित मीना, रामजन्म, मोटा मीना, नवल मीना आदि कई प्रमुख लोगों ने प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना का जोशीले अंदाज में भव्य स्वागत किया।

## तेज अंधड से पेड़ गिरे

**करौली** (नि.स.)। करौली सहित क्षेत्र में आए अंधड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अंधड़ से सैंकड़ों पेड़ों को धराशायी हो गए। वहीं विद्युत निगम को भी बड़ी चपत लगी है। अंधड के चलते विद्युत खम्भे और लाइनें क्षतिग्रस्त हो गए जिसके चलते जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र के कई गांवों में रातभर बिजली बंद रही। शहर की बिजली को सुचारू करने के लिए विद्युत निगम कर्मियों को करीब 10 घण्टे कि कडी मशक्कत करनी पड़ी।

बीती रात करीब 12:30 बजे बाद अचानक मौसम ने पलटा खाया और एक साथ तेज अंधड़ का दौर शुरू हुआ। करीब आधा घण्टे तक तेज अंधड़ से घरों में धूल-मिट्टी जमा हो गई। वहीं अंधड़ के चलते टीन-छप्पर उड़ गए। यहां कॉलेज परिसर,वजीरपुर गेट बाहर,कलेक्ट्रेट परिसर, विधुत निगम के हाथी घटा कार्यालय के बाहर बड़े-बड़े पेड़ टूट कर गए।

पेड़ों की चपेट में विद्युत लाइनें भी आ गई। वहीं गुड़ला क्षेत्र में एक घर की पाटौर की पट्टियां टूट गईं।अंधड़ शुरू होने के कुछ देर बाद भी झमाझम बारिश का दौर भी शुरू हो गया। अंधड़ का दौर तो थम गया।

# अस्पताल में कोई नवजात बालिका को छोड़ गया

**भरतपुर।** राजकीय जनाना अस्पताल में एक बार फिर कोई एक नवजात बालिका को छोड गया। हालांकि पहली बार ऐसा हुआ है कि नवजात बालिका के साथ उसकी मां अपनी वेदना भी छोड गई। नवजात बालिका के पास एक नोट मिला है। जिसमें नवजात बालिका की मां ने लिखा है कि उसके छ लडकिया हो चुकी हैं। जिसके चलते उसकी सास उसे परेशान करती है।

इसलिए यह कदम उठाया है। मेरी बेटी को पाल लो आपका एहसान होगा। मुझे माफ कर दो। नवजात बालिका को इलाज के लिए अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। बच्ची देखने में स्वस्थ्य लग रही है। फिर भी एहतियातन स्वास्थ्य जांच के लिए बच्ची के टेस्ट कराए गए है। मामले की जानकारी मिलते ही बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजाराम भूतोली व सदस्य देवेन्द्र कुमार, चाइल्ड लाइन कोर्डिनेटर प्रेमराज परनामी, मधु षर्मा राजकीय जनाना अस्पताल पंहुचे। जहां उनके द्वारा चिकित्सकों से बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। फिलहाल चिकित्सकों ने बच्ची को स्वस्थ बताया है। बताया जा रहा है कि बच्ची को देर रात कोई जनाना अस्पताल परिसर स्थित पुरानी बिल्डिग की बैंच पर छोड गया। डीग निवासी रामवीर ने बच्ची को रोते देखा तो इधर उधर बच्ची के बारे में पूछा। लेकिन जब कोई नहीं मिला तो अस्पताल प्रबंधन को बच्ची के बारे में सूचित किया गया। जिस पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बच्ची को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। फिलहाल बच्ची राजकीय जनाना अस्पताल के बच्चौं के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती है।



**नवजात बालिका का डॉक्टरों ने उपचार किया ।**


## कार्यालय ग्राम पंचायत भरतून,
### पंचायत समिति सपोटरा, जिला करौली

क्रमांक:-SPL-08 दिनांक: 26.05.2023

**नोट ई-बोली सूचना संख्या 01/2023-24**

पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत भरतून के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत एवं अन्य समस्त योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था, की आपूर्ति के लिए पंजीकृत इच्छुक फर्मों से 31 मार्च 2024 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिय द्वारा ऑनलाईन बोलियाँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN- ZKR2324GL0B00031

सरपंच ग्राम पंचायत भरतून — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भरतून


# गोविंद सैनी ने हांसिल किये 96 प्रतिशत अंक

■ **निर्मल हैप्पी स्कूल के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की**

**हिण्डौन सिटी ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी किए गए 12वीं कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में भी शहर के निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपना परचम फहराया है।

निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी व प्रधानाचार्य किंदूरी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमे निर्मल हैप्पी विद्यालय के मेधावी छात्र गोविंद सैनी ने 96.00 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता अर्जित की है । इसी तरह छात्रा पलक अग्रवाल ने 95.60, वंदना ने 92 , अर्जुन सिंह मीना ने 92, अरुणा गेरा 91.80, खुशी गुप्ता 91.60, कोमल डागुर 91.40, इशिका शर्मा 91.20 , रजनीश डागुर 90.80, अंतिमा जिंदल 90.60, सेजल मंगल 90.60 व सचिन सिंह गुर्जर ने 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व अपने माता - पिता को देते हुए कहा है कि नियमित अध्ययन से व सही मागदर्शन से उन्हें सफलता मिली है । होनहारों की इस सफलता पर विद्यालय निदेशक मनीष चौधरी सहित प्रधानाचार्य कंदूरी सिंह उप प्रधानाचार्य राजेंद्र बेनीवाल कला वर्ग के प्रभारी देवी सहाय शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, सतीश शर्मा, कमल सिंह सैनी हरि ओम प्रजापत, गजानंद, चरण सिंह , प्रताप सिंह , राजू ख़ान, रवि चौधरी, अनिकेत देशवाल आदि ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

## पशु उप चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ

**डीग** (निस)। गाँव अऊ और बदनगढ़ में पशुपालन विभाग द्वारा राजकीय पशु चिकित्सा उप केन्द्र बनाये गए हैं। जिनका उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि नागरिक एवं उड्डयन विभाग कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने किया। वहीं इससे पूर्व मंत्री के गाँव अऊ पहुँचने पर कई गाँवों की सरदारी द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत की इस कड़ी में पशुपालन विभाग भरतपुर के उप निदेशक गजेंद्र सिंह चाहर व स्टाफ ने चाँदी का मुकुट व दुपट्टा पहनाकर मंत्री विशवेंद्र सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री विशवेंद्र सिंह ने कहा कि लंबे समय से डीग को जिला बनाने की मांग को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि आज से 25 साल पहले दौसा भी डीग की तरह ही छोटा सा एक कस्बा था। आज वहाँ विकास की गंगा बह रही है। मंत्री सिंह ने कहा डीग को जिला बनने पर यहाँ की जमीन की कीमत बढ़ेगी और माडेरा में जिला कलेक्टर व एसपी ऑफिस खुलेंगे ।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया

**करौली।** अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन पेश कर आंगनबाडी कर्मियों की प्रमुख मांगों के समाधान को लेकर 26 मई को सभी जिला मुख्यालय पर ज्ञापन एवं जून माह से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ की शाहिदा नाज, सरस्वती,सुनीता मीणा,लक्ष्मी गुप्ता,सुमेरी मीणा,सविता बैरवा,राधा मीणा,मिथलेश, अनीता शर्मा, विद्या देवी,सूर्यप्रभा,सरोज देवी राजपूत,उमा देवी शर्मा सहित दर्जनों की संख्या में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला प्रशासन के अधिकारियों को 6 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन देकर जन घोषणा पत्र विधानसभा चुनाव 2018 में किए गए वचन अनुसार संविदा कार्मिकों के साथ-साथ मानदेय कार्मिक, आंगनवाडी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता,आशा सहयोगिनी, सहायिका, ग्राम साथिन,शिशु पालना ग्रह कार्यकर्ता को नियमित किया जाए, महिला पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास के नवीन पदों का सृजन कर मापदंडों के अनुसार किया जाए,विभाग ने 245 नवीन पदों का सृजन करने हेतु प्रस्ताव बनाए हैं जो प्रक्रियाधीन हैं कृपया 245 महिला पर्यवेक्षक पदों की सक्षम स्वीकृति कराई जाए,ग्राम साथिन से महिला पर्यवेक्षक के नियमित पदों पर जाने हेतु महिला एवं बाल विकास की तर्ज के अनुसार 50प्रतिशत पद ग्राम साथिन के लिए आरक्षित किए जाएं,स्वास्थ्य विभाग की एएनएम भर्ती में आशा सहयोगिनी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 15प्रतिशत पद आरक्षित किए जाए, वर्तमान में सरकार ने 15 प्रतिशत पद प्रशिक्षण हेतु आरक्षित कर रखे हैं एवं नगरपालिका कार्य क्षेत्र में विस्तार के कारण ग्राम पंचायत पर कार्यरत ग्राम साथिनो को मानदेय सेवा से पृथक कर दिया है। उन्हें वापस मानदेय सेवा में लिया जाए आदि मांग करते हुए मांगे नहीं मानने पर जून माह से कार्य का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

**कार्यक्रमों का किया आयोजन :** करौली महिला एवं बाल विकास विभाग करौली के सेक्टर गुड़ला पर समेकित बाल विकास सेवाएं करौली एवं वात्सल्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अम्मा कार्यक्रम व एनिमिया मुक्त राजस्थान व सुनहरे 1000 दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मे आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका को बेसलाईन सर्वे के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र के 0 से 59 माह के बच्चों का वजन लंम्बाई व ऊंचाई लेकर मासिक स्क्रीनिंग करना।


## कार्यालय ग्राम पंचायत महमदपुर,
### पंचायत समिति सपोटरा, जिला करौली

क्रमांक:-SPL-08 दिनांक: 26.05.2023

**नोट ई-बोली सूचना संख्या 01/2023-24**

पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत महमदपुर के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत एवं अन्य समस्त योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था, की आपूर्ति के लिए पंजीकृत इच्छुक फर्मों से 31 मार्च 2024 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिय द्वारा ऑनलाईन बोलियाँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN- ZKR2324GL0B00032

सरपंच ग्राम पंचायत महमदपुर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत महमदपुर


## 'सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं'

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार द्वारा प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत ग्राम पंचायत जहानपुर में आयोजित शिविर एवं महंगाई राहत कैंप का शुभारंभ हुआ, जो दो दिन तक आयोजित होगा।

इस अभियान में क्षेत्र के अनेक गांव के लोग स्वयं तथा अपने गांव के कई प्रकार के कामों का समाधान करा रहे हैं साथ ही महंगाई राहत कैंप में राजस्थान की गहलोत सरकार के द्वारा लाभकारी 10 योजनाओं का लाभ उठाने को पंजीयन करा रहे हैं। कैंप में पीडब्ल्यूडी कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। लोगों से निजी ,क्षेत्र के समस्याएं सुनकर प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी सभी प्रकार की समस्याएं समाधान कर पात्र व्यक्तियों का राहत कैंप के तहत सरकार की 10लाभकारी योजना का पंजीयन करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लोगों को कांग्रेस की गहलोत सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जगह-जगह महंगाई राहत कैंप तथा पंचायत मुख्यालय पर प्रशासन गांव के संग शिविर आयोजित किए है।

# विधायक ने मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड बांटे



**राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे महंगाई राहत शिविर का विधायक भरोसी लाल जाटव ने जायजा लिया।**

**हिण्डौन सिटी** (निस)। राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत आज हिंडौन विधायक भरोसी लाल जाटव ने ग्राम पंचायत मिल्कीपुरा एवं कसाने का नगला में शिविरों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुन संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए मौके पर ही समस्या समाधान करवाया।

इस दौरान विधायक भरोसी लाल जाटव के साथ पंचायत समिति हिण्डौन प्रधान विनोद कुमार जाटव एवं हिण्डौन देहात ब्लॉक अध्यक्ष भगत सिंह डागुर भी साथ थे। शिविरों में मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए पंचायत समिति हिण्डौन प्रधान विनोद कुमार जाटव ने राज्य सरकार की प्रमुख महंगाई से राहत देने वाली 10 योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आमजन से अपील की। हिंडौन देहात ब्लॉक अध्यक्ष भगत सिंह डागुर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में हिण्डौन विधायक द्वारा क्षेत्र में विकास की कोई कोर कसर नहीं रखी है । विकास कार्य हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र में इन 5 वर्षों में काफी हुए हैं डागुर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में पुन: कांग्रेस पर आशीर्वाद रखते हुए हिण्डौन विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को अधिकाधिक मतों से विजयी बनाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर हिंडौन पंचायत समिति विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल सूरौठ, तहसीलदार गजानंद मीना, पंचायत प्रसार अधिकारी सोहन सिंह सिंह जाट सहित सभी 23 विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला क्रिकेट टीम का किया चयन

**करौली,** (नि.स.)। राजस्थान स्टेट अंडर-19 क्रिकेट चैंपियनशिप, डूंगरपुर शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2023-2024 के लिए जिला क्रिकेट संघ करौली द्वारा ट्रायल के जरिए करौली जिले की क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा।

जिला क्रिकेट संघ द्वारा 3 जून को प्रात: 7:00 बजे खेड़ा में स्थित सौरभ एजुकेशन कैंपस करौली हिण्डौन रोड, पर ट्रायल द्वारा करौली जिले की क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा। इससे पूर्व इस प्रतियोगिता के लिए 28 मई को प्रात: 7:00 से 10:00 बजे तक करौली हिण्डौन रोड स्थित,सौरभ एजुकेशन कैंपस,खेड़ा मे जो भी अंडर-19 क्रिकेट खिलाड़ी हैं वह अपने-अपने आवश्यक डॉक्यूमेंट जैसे आयु प्रमाण पत्र,मूल निवास,आधार कार्ड एवं फोटो,पिछले 3 वर्ष की स्कूल की मार्कशीट की मूल एवं फोटो कॉपी के साथ उपस्थित हो।जिन क्रिकेट खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पूर्व में हो रहे हो वह नहीं आए और जिन नए खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन होने हैं आवश्यक रूप से प्रात: 7:00 से 10:00 तक अपने डॉक्यूमेंट जमा करा दें।


## पश्चिम मध्य रेल
### सिगनल एवं दूरसंचार विभाग
### निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (सिगनल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, कोटा मंडल**, निम्नलिखित कार्यों **No. KOTA/S&T/Tele/2023/02** एवं **KOTA/SNT/SIG/2023/02** के लिए निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय 15.06.2023 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/टेली./2023/02. **कार्य का नाम: एनहांसमेंट ऑफ पैसेंजर एमेनिटीज ऐट 17 स्टेशन ऑफ कोटा डिवीज़न अंडर अमृत भारत स्टेशन योजना इन (पश्चिम मध्य रेल) (भरतपुर, बयाना, हिंडोन, श्री महावीरजी, गंगापुरसिटी, सवाई माधोपुर, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, गरोठ, शामगढ़, विक्रमगढ़ आलोट, चोमहला, बारां, छबडा, बूंदी, मांडलगढ़, झालावाड सिटी)। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 5,94,84,115.99. बयाना राशि: ₹ 4,47,500/-. टेन्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2023/02. **कार्य का नाम: गरोठ - सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ स्टेशन डेवलॉपमेन्ट। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 12,70,009.18. बयाना राशि: ₹** 25,400/-.

**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:-** टेण्डर फॉर्म की कीमत: शून्य। **कार्य समाप्ति अवधि:** 6 माह प्रत्येकी। **टेंडर जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय:** दिनांक 15.06.2023 को 15.00 बजे तक। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिए। पंजीकृत निविदा एण्ड **GSTIN** रजिस्टर होना चाहिये।

*वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी./समन्वय, कोटा*

**कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत सैंगरपुरा,
### पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-07 दिनांक: 26.05.2023

**ई-निविदा सूचना 01/2023-24**

ग्राम पंचायत सैंगरपुरा, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मो/सप्लायर्स से दिनांक 31.03.2024 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सैंगरपुरा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — सरपंच ग्राम पंचायत सैंगरपुरा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली



## कार्यालय ग्राम पंचायत लूलोज,
### पंचायत समिति सपोटरा, जिला करौली

क्रमांक:-SPL-08 दिनांक: 19.05.2023

**नोट ई-बोली सूचना संख्या 01/2023-24**

पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत लूलोज के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत एवं अन्य समस्त योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था, की आपूर्ति के लिए पंजीकृत इच्छुक फर्मों से 31 मार्च 2024 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिय द्वारा ऑनलाईन बोलियाँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN- ZKR2324GL0B00024

सरपंच ग्राम पंचायत लूलोज — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत लूलोज



राजधानी जयपुर में गुरूवार देर रात को तूफानी बारिश और तेज अंधड़ ने जबरदस्त कहर बरपाया। अजमेरी गेट स्थित रामनिवास बाग में करीब 100 वर्ष पुराना विशाल पेड़ तेज हवाओं के कारण धराशायी हो गया, हालांकि इससे कोई हताहत नहीं हुआ। शुक्रवार को दिनभर पेड़ को काटकर मौके से हटाने का काम चलता रहा। बताया जा रहा है कि, रामनिवास बाग में चूहों की भरमार है, चूहों द्वारा कुतरने के कारण इस पेड़ की जड़ें खोखली हो गई थीं। इस कारण गुरूवार शाम को तेज अंधड़ में यह पेड़ उखड़कर गिर पड़ा। इसी तरह परकोटे के नाहरगढ़ रोड, सी-स्कीम, जे.एल.एन. मार्ग और विद्याधर नगर स्टेडियम के पास भी हरे-भरे पेड़ उखड़ गए। शुक्रवार को ऐसा ही नजारा शहर के अलग-अलग मार्गों पर भी नजर आया।

# तूफान से एशिया की सबसे बड़ी जमालपुरा तिरपाल मंडी में करोड़ों का नुकसान

## मंडी के तीन गोदाम पूरी तरह नष्ट हो गए तथा कुछ गोदामों की छत उड़ गई तो कुछ दीवारें टूट गईं

- सड़क किनारे खड़े एक युवक पर पेड़ गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।
- होली धोरा के एक खेत में दीवार गिरने से 11 मवेशियों की मौत हो गई।
- सुजानगढ़ में 80 से ज्यादा बिजली खम्भे टूट गये। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है।

सुजानगढ़ , 26 मई। (निसं)। गुरूवार रात्रि आए भीषण तूफान ने सुजानगढ़ शहर एवं आस-पास के गांवों में भारी तबाही मचाई है। तूफान के दौरान पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई, तूफान के कहर से मवेशी भी बच नहीं पाए। एक खेत में दीवार गिरने से 18 मवेशियों की मौत हो गई।

तूफान के कारण एशिया की सबसे बड़ी तिरपाल मंडी के रूप में पहचान रखने वाले जमालपुरा में तिरपाल के अनेक गोदामों में भारी नुकसान हुआ है। तूफान के कारण तीन गोदाम पूरी तरह से तबाह हो गए, वहीं अनेक गोदामों दीवारें गिर गई तो अनेक गोदामों के टीन शेड उड़ गए। एक गोदाम की दीवार वहां अंदर खड़ी तीन गाड़ियों पर गिर गई, जिससे उन कारों को बड़ा नुकसान हुआ है। तूफान से छापर रोड पर पेड़ गिरने से उसके नीचे दबने से राजलदेसर के बलरामपुरा निवासी 18 वर्षीय किशननाथ पुत्र ईशरनाथ की मौत हो गई। डी.टी.ओ. कार्यालय में अपने काम से आया किशननाथ गांव जाने के लिए अपने साथियों की गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इतने में पेड़ गिरने से वह दब गया, जिसे रामकरण जाट व अन्य ने निजी वाहन से राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तूफान से होली धोरा निवासी फारुख खान धोलिया के खेत में मवेशियों के लिए बने मकान की दीवार गिरने से उसके नीचे दबने से 11 भेड़ों व बकरियों की मौत हो गई।

तूफान के कहर से करीब आधा दर्जन राष्टीय पक्षी मोरों की मौत हो गई, वहीं सात मोर घायल हो गए और एक सौ से अधिक कबूतर घायल हो गए। तूफान के कारण प्रगति नगर निवासी किसान कमल दादरवाल के घर पर 132 केवी की विद्युत लाईन गिरने से पूरे घर में करंट फैल गया तथा घर में रखे पचास हजार रूपये नगदी, कपड़े, फ्रीज, कूलर सहित विद्युत उपकरण जल गए। हादसे में शनि मंदिर के पास रहने वाले किसान कमल दादरवाल के भी करंट आया था। यह विद्युत लाईन 220 के.वी. जीएसएस से पारेवड़ा जीएसएस जा रही थी। जिसे ठीक करवाने के लिए ड्स्किॉम द्वारा बीकानेर से टीम बुलाई गई। एन.के. लोहिया स्टेड़ियम में बरसों से खड़े सफेदे के पेड़ धराशाही हो गए। सफेदे के भारी भरकम पेड़ों के गिरने से एक बिजली को पोल टेढा हो गया, वहीं स्टेड़ियम की दीवार गिर गई तथा दीवार के उस पार सड़क पर खड़े आधा दर्जन ठेले दब कर क्षतिग्रस्त हो गए।

## ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह राजस्थान के नए मुख्य न्यायाधीश



जयपुर, 26 मई (का.सं.)। केन्द्र सरकार के विधि व न्याय विभाग ने शुक्रवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठतम जज, ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह को राजस्थान हाईकोर्ट का नया चीफ जस्टिस (सी.जे.) नियुक्त किया है।

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया, डी. वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कोलीजियम ने गत अप्रैल महीने में राजस्थान हाईकोर्ट के नए सी.जे. पद पर नियुक्ति के लिए जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह के नाम की सिफारिश की थी। राजस्थान हाईकोर्ट में सी.जे. का पद, तत्कालीन सी.जे. पंकज मित्थल की सुप्रीम कोर्ट में जज के पद पर नियुक्ति के बाद से खाली चल रहा है। हाईकोर्ट में फिलहाल एक्टिंग सी.जे. पद पर जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव कार्यरत हैं।

- कोलीजियम ने अप्रैल माह में पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट के वरिष्ठतम जज मसीह को राजस्थान का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की थी।

गौरतलब है कि, जस्टिस मसीह का जन्म 12 मार्च 1963 को पंजाब में हुआ था। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अलीगढ्ढ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की डिग्री प्राप्त की और वहीं, 1987 में उन्होंने वकालत शुरू की। इसके बाद उन्हें सरकार ने अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया। 10 जुलाई 2008 को उन्हें पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इसके बाद 14 जनवरी 2011 को जस्टिस मसीह को इस पद पर स्थाई कर दिया गया।

# 'ऑस्ट्रेलिया के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ईर्ष्या रखते हैं'

## ऑस्ट्रेलिया में विपक्ष के नेता पीटर डटन ने कहा कि, वे ईर्ष्यालु हैं, क्योंकि उनमें से कोई भी 20 हजार लोगों को इकट्ठा करने की क्षमता नहीं रखता है

- पीटर डटन ने कहा कि, गत बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना हुई, पहली बार मैंने ऑस्ट्रेलिया में इस तरह की भीड़ जुटने की असाधारण घटना देखी।

सिडनी / नई दिल्ली, 26 मई। ऑस्ट्रेलिया में विपक्ष के नेता पीटर डटन ने कहा है कि, ऑस्ट्रेलिया के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जलते हैं। उन्होंने कहा कि, वे ईर्ष्यालु हैं, क्योंकि उनमें से कोई भी 20,000 लोगों को इकट्ठा करने और उनसे अपने सरनेम को बुलवाने में सक्षम नहीं है। संसद को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता प्रतिपक्ष डटन ने कहा कि बुधवार को एक असाधारण घटना हुई। उन्होंने कहा, "मुझे लगा कि यह एक असाधारण घटना थी और मैं वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी में भारतीय समुदाय के काम की सराहना करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह (ऑस्ट्रेलियाई) प्रधानमंत्री के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उनके प्रतिनिधिमंडल का धन्यवाद करने में शामिल हुए।

भारत के साथ संबंधों पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार सत्ता में थी तो संबंध काफी असाधारण और प्रोडक्टिव थे। उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री मॉरिसन और डैन टीन सहित फ्रंट बेंच पर कई लोगों के काम को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा, "मैं आज सुबह (गुरुवार) सिडनी में प्रधानमंत्री मोदी से मिल रहा था। यह बहुत ही सौहार्दपूर्ण और आकर्षक चर्चा थी और जिन व्यापक विषयों पर हमने चर्चा की, वे संबंधों में द्विदलीय समर्थन का संकेत देते हैं।" प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सिडनी यात्रा के दौरान एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय डायस्पोरा को एक महत्वपूर्ण संबोधन दिया, जिसमें पारस्परिक विश्वास और पारस्परिक सम्मान पर प्रकाश डाला गया था जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच घनिष्ठ ऐतिहासिक संबंधों की नींव है।


ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के दूसरे दिन सिडनी में एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और विश्वास के पीछे एक ताकत के रूप में श्रेय दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को सिडनी में शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी, कौशल और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारतीय उद्योग के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने तीन देशों के दौरे के समापन पर ऑस्ट्रेलिया से भारत के लिए उड़ान भरी थी। इस दौरे के दौरान उन्होंने जापान और पापुआ न्यू गिनी का भी दौरा किया था।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में कहा, "तीन देशों की सफल यात्रा संपन्न हुई। जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की तीन देशों की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लिए रवाना हुए।" प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहराते संबंधों को समझाने के लिए "क्रिकेट डिप्लोमेसी" का इस्तेमाल किया और कहा, "हमारे संबंध टी-20 मोड में आ गए हैं!"

उन्होंने कहा, "मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री अल्बनीस की भारत यात्रा के दो महीने के भीतर ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा हूं। पिछले एक साल में यह हमारी छठी बैठक है। यह हमारे व्यापक संबंधों की गहराई, हमारे संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है। क्रिकेट की भाषा में, हमारे संबंध टी-20 मोड में प्रवेश कर चुके हैं।



गुरुवार शाम से शुरु हुये तूफान और बारिश ने प्रदेश के कई हिस्सों में जबरदस्त तबाही मचाई और नुकसान पहुंचाया। तूफान के कारण जमालपुरा (चूरु) स्थित एशिया की सबसे बड़ी तिरपाल मंडी की कई दुकानों को भारी नुकसान पहुँचा है। यहाँ बड़े गोदाम की दीवार, वहाँ पर खड़ी तीन गाड़ियों पर गिर गई, जिसके कारण गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है। सुजानगढ़ में सड़क किनारे खड़े एक युवक पर पेड़ गिर गया, इसके अलावा होली धरा के एक खेत में दीवार गिरने से 18 मवेशियों की मौत हो गई। 80 से ज्यादा बिजली के खम्भे गिर पड़े जिस कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई।

# टोंक जिले में तूफान ने मचाई तबाही, 12 जनों की मौत

## गुरूवार रात 11 बजे आए तूफान में कई मकान गिर गए, टीनें उड़ गई, जिससे12 जनों की मौत हो गई व 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए

- तूफान के कारण सैंकड़ों जानवर व पक्षी भी मारे गए। इसके अलावा कई मकान, पेड़, बिजली के खम्भे व ट्रांसफॉर्मर गिर गए।
- जिला प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिए हैं।

टोंक, 26 मई (निसं)। जिले में गुरुवार रात 11 बजे आए तूफान ने तबाही मचाई है। कई जगह मकान गिर गए तथा टीन उड़ गए। इनके नीचे दबने से जिले में 12 जनों की मौत हो गई, दो दर्जन से ज्यादा घायल हुए।

जिला प्रशासन के अनुसार तूफान में अलग-अलग जगह हुए हादसों में दर्जनों मकान गिर गए और पेड़ व बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर गिर गए। सैकड़ों जानवर और पक्षियों की मौत हो गई। जिले में बिजली व पानी की आपूर्ति बंद हो गई। नुकसान का आंकलन करने के लिए जिले के आला अधिकारी सुबह से फील्ड में पहुँचे।

पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज ने बताया कि, मृतकों में धन्ना तलाई टोंक निवासी ईशाक पुत्र इमामुद्दीन, इनायत पुत्री अंसार, अयान पुत्र अंसार, ललवाडी निवासी मोहिद पुत्र वहीद बंजारा, लोदेडा निवासी सुवालाल पुत्र रामू गुर्जर, प्रतापपुरा निवासी बल्लाराम पुत्र भूरालाल मीणा, टोकरावास निवासी लटूर पुत्र हरलाल मीणा, आवां निवासी मुस्ताक पुत्र गफूर खान, गेदिया निवासी अनुष्का भांड, अरनिया निवासी भागीरथ जाट पुत्र श्रीलाल, डिग्गी निवासी बसंत पुत्र हीरा गुर्जर, उनियारा निवासी अर्पिता पुत्री हितेश मीणा की मौत हो गई।

जिले में दर्जनों मकान ऐसे थे जो पूर्ण रूप से गिर गए। रात को आस-पास के लोगों ने उन्हें रहने की जगह दी।

जिला कलेक्टर ने आंधी-तूफान में घायल हुए लोगों की कुशलक्षेम पूछी-जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल और अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवचरण मीना ने गुरुवार रात आए तूफान में मरने वाले लोगों के परिजनों से मिलकर संवेदना जताई एवं जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद करने भरोसा दिया। जिला कलेक्टर ने उपखंड निवाई में तूफान से हुई जन एवं पशुहानि का मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम ललवाड़ी में दीवार गिरने से मरने वाले 13 वर्षीय बालक मोहिद के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों ने अपनी पीड़ा जिला कलेक्टर को बताई। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह को प्रभावित परिवारों का सर्वे कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने घासी की ढाणी, लोदेड़ा एवं अवाना की ढाणी में क्षतिग्रस्त हुए घरों तथा जन एवं पशुहानि का मौके पर जाकर जायजा लिया। उपखंड टोंक के ग्राम निमोला की सरदारपुरा ढाणी में पेड़ गिरने से घायल हुई वृद्ध महिला भूरी देवी से मिलकर कुशलक्षेम पूछी।

## राजस्थान राज्य ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लाभ निसृत हो, वचन ग्रहिता की यह अभीप्सा, सदैव सिद्ध प्रमेय नहीं हो सकती है।" उन्होंने अपने आदेश में यह भी कहा कि मैसर्स आशापुरा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़, जो उनके प्रस्तावित लाभ को दर्शाते हैं, किसके द्वारा तैयार करे गए हैं और उनकी क्या विश्वसनीयता है, इस विषय में कोई विश्वसनीय और स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। अदालत ने अपने आदेश में इस बात का जिक्र किया है कि मैसर्स आशापुरा ने कुछ घटनाओं का वर्णन किया है जिनका अनुबंध की शर्तों को पूरा करने पर प्रभाव पड़ता है, जैसे बस खराब हो जाने के कारण पार्सल की डिलीवरी ना हो पाना। परन्तु अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह समस्याएं हर जिले में समान रूप से व्याप्त थीं कि नहीं, इस विषय में, कुछ भी स्पष्टता से बताया नहीं गया है। अदालत ने आर्बिट्रेटर के फैसले को रद्द करने के कई कारण बताये हैं और कहा "यह भारत की विधि की आधारभूत नीति कदाचित नहीं हो सकती है कि मध्यस्थ की शरण में आये पक्षकारों के विवादों का निस्तारण करते समय विवेचित अनुबंध के दायरे में वास्तविक क्षति के आधारभूत कारकों एवं क्षतिपूर्ति के मानक सिद्धान्तों की अनदेखी की जाए। राज्य का हित इसमें है कि पक्षकारों के मध्य विवादों का न्यायपूर्ण अंत हो।"

अदालत ने आर्बिट्रेटर के अवार्ड को रद्द करते हुए उसे "तर्कसंगत" एवं "पर्याप्त" नहीं बताया है।

## न्यायपालिका...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अधिकारियों के लिए आवासीय इमारतों के निर्माण के लिए राज्य सरकार के संसाधनों को बढ़ा रही हैं।

स्कीम सहभागिता पर आधारित है इसमें 60:40 (केंद्र : राज्य), उत्तर पूर्वी व दो हिमालयन राज्यों के लिए 90:10 की भागीदारी है। केन्द्र शासित क्षेत्रों में शत प्रतिशत खर्च केन्द्र सरकार उठाएगी।

# महाराष्ट्र के मंदिरों में प्रवेश के लिए ड्रैस कोड लागू हुआ

- मंदिरों में कटी-फटी जीन्स, अर्धनग्न कपड़े, स्कर्ट, उत्तेजक वस्त्र, अशोभनीय वस्त्र पहन कर प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है।

नागपुर, 26 मई। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ की ओर से आज यानी शुक्रवार से नागपुर के चार मंदिरों में ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। महासंघ की ओर से मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने के लिए यह ड्रेस कोड लागू किया गया है। महासंघ का मानना है कि ड्रेस कोड देश के कई मंदिरों, गुरुद्वारों, चर्चों, मस्जिदों और अन्य पूजा स्थलों पर लागू है। यह ड्रेस कोड महाराष्ट्र के 300 से अधिक मंदिरों में लागू किया जाएगा। कटी-फटी जींस, अर्धनग्न कपड़े, स्कर्ट, उत्तेजक वस्त्र, अशोभनीय वस्त्र पहन कर प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कपड़े पहनकर मंदिर आते हैं, तो उन्हें ओढ़नी, दुपट्टा, लूंगी दिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। महासंघ की ओर से कहा गया है कि इस संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नागपुर के धंतोली गोपाल कृष्ण मंदिर, संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर बेलोरी, बृहस्पति मंदिर कानॉली बारा और दुर्गा मंदिर आदि शामिल हैं।

## भंवर जितेन्द्र...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चानना की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट प्रकाश भंडारी ने बताया कि अविनाश चानना की शिकायत पर कोतवाली थाने में भंवर जितेंद्र सिंह, श्रीनाथ सिंह हाडा, विजेंद्र सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले में न्यायालय में एफ.आर. पेश की, जिस पर अविनाश चानना ने प्रोटेस्ट किया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले में आई.पी.सी. की धारा 420, 467, 468, 473 120-बी में प्रसंज्ञान लेते हुए 18 नवंबर 2021 को भंवर जितेंद्र सिंह, श्रीनाथ सिंह हाड़ा, विजेंद्र सिंह के खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी किया था।

सी.जी.एम. कोर्ट के आदेश के खिलाफ भंवर जितेंद्र सिंह एवं अन्य ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील की जिस पर न्यायालय ने गुरुवार को फैसला करते हुए सी.जे.एम. कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वॉरंट को जमानती वॉरंट में तब्दील कर दिया लेकिन साथ ही जिला न्यायालय ने सी.जे.एम. के प्रसंज्ञान आदेश को बहाल रखा है।

## नई संसद के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दलों की संख्या 25 तक पहुंचा कर अपना पलड़ा भारी होने का सबूत दे दिया है। ज्ञातव्य है कि 21 विपक्षी दल इस समारोह का बहिष्कार कर रहे हैं।

भाजपा के अलावा, रविवार के समारोह में शामिल होने की पुष्टि करने वाले दलों में शामिल एन.डी.ए. के विभिन्न प्रमुख घटक दल हैं, ए.आई.ए.डी.एम.के., अपना दल, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, शिव सेना का शिंदे गुट, एन.पी.पी. तथा एन.पी.एफ.। कुछ तटस्थ दल, जिनमे बीजू जनता दल, टी.डी.पी. तथा वाई.एस.आर.सी.पी. शामिल हैं, भी उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

विपक्षी दलों में से शिरोमणि अकाली दल (एस.ए.डी.) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) तथा जनता दल सेकुलर भी रविवार के समारोह में शरीक होंगे। जे.डी. (एस) की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा समारोह में शामिल होंगे। इससे पूर्व, कांग्रेस सहित 19 विपक्षी दलों ने इस सप्ताह के प्रारंभ में ही एक संयुक्त बयान में संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार की घोषणा कर दी थी। दो अन्य पार्टियाँ इनके साथ बाद में आई हैं।

## मध्य प्रदेश...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रयोग किया था। इसी बीच कांग्रेस इस आग में घी डाल रही है, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह जो कांग्रेस के विधायक हैं, ने हाल ही में सिंधिया की प्रशंसा की तथा उन्हें अच्छा वक्ता बताया और कहा कि कांग्रेस के लिए वे बहुत महत्वपूर्ण थे। भाजपा आलाकमान मध्य प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन पर विचार कर रहा है। आदिवासी सांसद सुमेर सिंह सोलंकी को चौहान की जगह मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा है। सोलंकी भी संघ के करीबी माने जाते हैं।

# राहुल गांधी को अब नया पासपोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने कहा था कि यात्रा करने का अधिकार मौलिक अधिकार है तथा अदालतों ने कांग्रेस नेता के आने-जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। अनुमति लेने की बाध्यता नहीं होने के कारण, वे कई बार विदेश यात्रा पर जा चुके हैं।

मजिस्ट्रेट ने यह भी कहा कि दिसम्बर 2015 में गांधी को जमानत देते समय, अदालत ने उनकी यात्राओं पर कोई नहीं रोक लगाई थी तथा प्रतिबंध लगाने की स्वामी की याचिका उस समय खारिज कर दी गई थी।

ज्ञातव्य है कि गांधी को उस समय लोकसभा की सदस्यता से डिसक्वालिफाई कर दिया था, मोदी सरनेम के बारे में उनकी टिप्पणी को लेकर दायर मानहानि के केस में उन्हें सजा दे दी गई थी।

नैशनल हैरल्ड केस एक प्राइवेट क्रिमिनल शिकायत पर आधारित था, जो स्वामी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा अन्य के खिलाफ दर्ज कराई थी। उन्होंने इन लोगों पर धोखाधड़ी, साजिश तथा ट्रस्ट के नियमों के क्रिमिनल उल्लंघन के आरोप लगाये थे।

स्वामी ने उन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अब बंद हो चुके अंग्रेजी दैनिक नैशनल हैरल्ड का स्वामित्व प्राप्त करने के लिये धोखाधड़ी की थी तथा फन्ड्स का दुरूपयोग किया था।

ये सब यंग इंडियन लिमिटेड (वाई आई) नामक उस कम्पनी के डायरेक्टर थे, जो 2010 में समाविष्ट की गई थी तथा जिसने नैशनल हैरल्ड की प्रकाशन एससिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (ए.जे.एल.) के कर्ज का भार अपने ऊपर ले लिया था।

स्वामी ने सोनिया तथा राहुल गांधी एवं अन्य पर आरोप लगाया था कि उन्होंने केवल 50 लाख रू. देकर धोखाधड़ी की साजिश करने तथा फन्ड्स का दुरूपयोग किया था। इस प्रकार वाई आई को उन 90.25 करोड़ रू. की वसूली का अधिकार मिल गया था। एजेल इस राशि के लिये कांग्रेस पार्टी की देनदार थी।

अमेरिका प्रवास के दौरान, कांग्रेस नेता सेनफ्रांसिस्को, वाशिंगटन डी.सी. तथा न्यूयॉर्क के कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे। 30 मई को वे सैंटा क्लारा के सैंटा क्लारा मैरिअट में एन.आर.आई. समुदाय के साथ संवाद करेंगे।

31 मई को राहुल सिलिकॉन वैली की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में "द न्यू ग्लोबल इक्विलिब्रियम" विषय पर व्याख्यान देंगे। स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनैस में इस व्याख्यान का आयोजन "सेन्टर फॉर डेमोक्रेसी", "डवलपमेंट" तथा "रूल ऑफ लॉ" द्वारा किया जा रहा है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रमुख व्यवसायियों तथा कलाकारों के ग्रुप के साथ पृथक-पृथक मीटिंग करेंगे। इसके वे कुछ मीडिया इन्टरव्यूज़ भी देंगे।

राहुल 1 और 2 जून को वाशिंगटन में होंगे। 1 जून को वे नैशनल प्रेस क्लब में "भारतीय लोकतंत्र का भविष्य", "भाषण की स्वतंत्रता" तथा "स्टेनेबल एवं इनक्लूसिव इकॉनॉमिक ग्रोथ" विषयों पर बोलेंगे। सी.एन.एन. के लिये फरीद ज़करिया को एक इन्टरव्यू देने की योजना बनाई जा रही है। राहुल भारतीय अमेरिकन एन्ट्रेप्रीन्योर फ्रैंक इस्लाम की मेजबानी में एक डिनर में शामिल होंगे। इस डिनर में बिजनैस लीडर्स, सीनेटर्स तथा कांग्रेमैन भी मौजूद होंगे।

न्यूयॉर्क में राहुल 4 जून को जैविट्स सेंट में भारतीय अमेरिकनों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वे पूरे अमेरिका से आये इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों के साथ भी मीटिंग करेंगे।

## 75 रूपए ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

"भारत" तथा दायीं और अंग्रेजी में "इंडिया" अंकित होगा।

सिक्के के दूसरी ओर पार्लियामैंट कॉम्पलेक्स के चित्र के नीचे वर्ष "2023" अंकित होगा।

# मणिपुर में भाजपा नेताओं पर हमले

इंफाल 26 मई (वार्ता)। मणिपुर में दो जातीय समूहों के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर गुरुवार रात महिलाओं सहित बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ.आर के रंजन के आवास की ओर मार्च किया।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर जारी हमलों को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की एक मजबूत टीम की ओर से उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर किया गया। इससे पहले बिशनपुर जिले में गोविंददास कों ग्रौजम मिनिस्टर वर्क्स के आवास पर महिलाओं ने हमला किया था। इस बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार को दोपहर तक कर्फ्यू में ढील दी गई। भाजपा नेताओं के आवासों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भाजपा नेताओं के खिलाफ नारेबाजी करने वालों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI

# बेचें। खरीदें। भरोसे के साथ।

True Value, pre-owned कारों को ख़रीदने और बेचने की श्रेष्ठ जगह।




App Store | Google play

अपनी कार बेचने के लिए स्कैन करें

यहाँ ऐप डाउनलोड करें।

- घर पर मूल्यांकन
- 376 चेक पॉइंट
- कीमत निर्धारण के लिए AI आधारित इंजन
- 1 वर्ष तक की वारंटी और 3 मुफ्त सर्विस*
- विस्तृत डिजिटल मूल्यांकन
- कार का जांचा-परखा इतिहास
- सरल पेपरवर्क

TRUE VALUE CERTIFIED

पूछताछ के लिए, कॉल करें 1800 102 1800 | www.marutisuzukitruevalue.com/hi-in/ पर जाएं

*Terms and Conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper.

**A-97, NEAR B.B., NEELAM CHOWK, MAIN ROAD, BHIWADI,** FORTUNE CARS: 8875005130, 8875001550 | **NEAR ALWAR PUBLIC SCHOOL, JAIPUR ROAD, ALWAR,** MG MOTORS: 7240012934, 7728892248, 7073130666 | **MANHAR VILLA, NEAR JAIL CIRCLE, VIJAY NAGAR ROAD, ALWAR,** FORTUNE CARS: 7230029310, 7230029304 | **BHARATPUR: AFTER BARSO, BEFORE SHAHEED PETROL PUMP, AGRA ROAD, BHARATPUR,** T.M. MOTORS: 9772965965, 9772772999.